हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

10 साथी बाजार का होगा संचालन महिलाओं की होगी भागीदारी

11 नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ







## खबर संक्षेप

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई नगर के तत्वावधान में 1 दिसम्बर को साहू सांस्कृतिक सदन, जीई रोड, सुपेला में आम सभा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। भक्त माता कर्मा की पूजा-आरती प्रातः 10.30 बजे, आमसभा प्रातः 11:00 से 12:30 बजे तक, दोपहर 1 बजे से मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन/सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परिचय सम्मेलन आयोजित है।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव उप मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता रिकेश सेन विधायक वैशालीनगर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व मंत्री, टहल सिंह साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर, रमेश साहू सलाहकार प्रदेश साहू संघ रायपुर, हरिद्वारिका साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ भिलाई, विशिष्ट अतिथि दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास बोर्ड छग शासन, गिरवर बंटी साहू सभापति नगर पालिक निगम भिलाई, डॉ. सरिता यशवंत साहू मौखिक इतिहासकार उच्च वर्ग शिक्षक, एम. के. साहू आर्किटेक्ट इंजीनियर, प्लानर एवं डिजाईनर भिलाई, तोरण अटल डायरेक्टर अटल ग्रुप भिलाई, संतोष साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ रिसाली, चंद्रभूषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भिलाई-3 चरोदा, जीवन प्रकाश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ जामुल होंगे। अध्यक्ष खेदराम साहू ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने कार्यक्रम शामिल होने की अपील की है।

### निगम आयुक्त ने परमिट लेने के लिए शासन को लिखा पत्र

# 12 रूट पर सिटी बस की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिलेवासियों के लिए यह राहतभरी खबर है। यहां सिटी बस की सुविधा 12 और रूट पर शुरू होने जा रही है। नगरनिगम आयुक्त ने राज्य शासन को सिटी बस चलाने परमिट के लिए पत्र लिखा है। जिसके जल्द की अनुमति मिल सकती है। सिटी बस पिछले साल भी भिलाई निगम चालू करवाई थी। हालांकि सिटी बस की योजना यहां सफल नहीं हो पाई और करोड़ों रुपए की सिटी बसें डिपो में ही कबाड़ हो गई। टायर, पहिए से लेकर मशीनें तक चोरी चली गई।

निगम डिपो में खड़ी कंडम सिटी बस




#### सिटी बसें हुई कबाड़, केवल 8 रूट पर

ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोडने और सस्ते दर पर आवगम 2015 में अर्बन ट्रांसपोर्ट योजना शुरू की गई। इसके तहत दुर्ग-भिलाई अर्बन सिटी बसों का संचालन शुरू किया गया। दुर्ग-भिलाई में 130 करोड़ की लागत संचालन का लक्ष्य था, लेकिन 70 बसें ही मिल पाई। इनमें से 56 बसों का संचालन किया जा रहा था, लेकिन कोरोना में इसका संचालन ध्वस्त हो गई थी। इससे सरकार को 5 करोड़ रुपए से ज्यादा का चूना लग चुका है। भिलाई निगम ने इसी बसों में से दो साल पहले 8 सिटी बसों का संचालन शुरू किया है। बाकी बसें डिपो में कबाड़ होते पड़ी है।

#### नए आयुक्त ने भेजा शासन को पत्र

दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी माध्यम से सस्ते दर पर यात्री सिटी बस चलाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन को परमिट के लिए पत्र लिखा गया है। परमिट प्राप्त होते ही नगर निगम भिलाई दुर्ग क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर सिटी बस संचालित होने लगेंगी। परमिट के प्रत्याशा में सिटी बसों का संचालन मे विलंब हो रहा था। जन सुविधा, आम नागरिकों, एवं जनप्रतिनिधियों को मांग को देखते हुए इसमें शीघ्रता लाई जा रही है ।

#### 5 महीने में शुरू होंगी ई सिटी बसें

प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद ईलेक्ट्रानिक सिटी बसों की सुविधा शुरू होने जा रही है। विधायक रिकेश सेन ने की पहल पर भिलाई सिटी को 50 इलेक्ट्रिकल बसें मिलने की मंजूरी दे दी गई है।पांच महीने में यह सुविधा शुरू हो सकती है। 7 करोड़ रुपये के लगभग का यह प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। सभी इलेक्ट्रिक सिटी बसों का किराया भी न्यूनतम होगा, क्योंकि इनका संचालन पेट्रोल डीजल से नहीं बल्कि बिजली से होना है। निगम की डिपो में पड़ी कंडम बसों को यदि चलने लायक बनाया जाए तो नई बस के करीब इसमें खर्च हो जाएंगे।

#### सिटी बस संचालन का संभावित रूट चार्ट


- दुर्ग रेल्वे स्टेशन से पाटन बस स्टैण्ड
- भिलाई 03 बस स्टैण्ड से पाटन बस स्टैण्ड
- उतई बस स्टैण्ड से दुर्ग बस स्टैण्ड
- दुर्ग बस स्टैण्ड से उतई बस स्टैण्ड
- दुर्ग बस स्टैण्ड से साजा बस स्टैण्ड
- दुर्ग रेल्वे स्टेशन से बेरला बस स्टैण्ड
- बेरला बस स्टैण्ड से दुर्ग
- रेल्वे स्टेशन रायपुर से धमधा बस स्टैण्ड
- धमधा बस स्टैण्ड से रेल्वे स्टेशन रायपुर
- दुर्ग रेल्वे स्टेशन से कुम्हारी बस स्टैण्ड
- कुम्हारी बस स्टेण्ड से दुर्ग रेल्वे स्टेशन
- दुर्ग रेल्वे स्टेशन से चन्दूलाल हास्पिटल कचान्दुर

## फेंगल के प्रभाव से बारिश के बने हालात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दक्षिण पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण प्रदेश के वातावरण में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए हैं।

ट्विनसिटी में पूरे दिन बदली और नम हवाओं का लोगों ने सामना किया। मौसम के इस बदलाव से बारिश के हालत बन गए हैं। कोहरे की स्थिति भी अलसुबह बन सकती है। आगामी चार दिनों तक मौसम के हालात इसी तरह के हो सकते हैं।



▪ दिनभर बदली व नम हवाएं चलती रही

#### आज बारिश की चेतावनी

शनिवार को सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही। कभी-कभी सूर्यदेव के दर्शन भी हुए लेकिन ज्यादातर समय बदली की रही। नम हवाएं भी पूरे दिन चली। भिलाई-दुर्ग सहित प्रदेश में 1 दिसंबर को मध्य छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने के हालात निर्मित हो गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में गरज चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है।

#### न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस और बढ़ेगा

भिलाई-दुर्ग में शनिवार को न्यूनतम तापमान 12 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। भिलाई-दुर्ग सहित प्रदेश में रविवार को बादल छाए रहने की संभावना है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि और अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। आने वाले दिनों में न्यूनूतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हो सकती है। प्रातः काल में कोहरा छाए रहने व आकाश मेघमय रहेगा।

## ई-रिक्शा चोर ही निकला शातिर नकबजन, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने ई रिक्शा चोरी के मामले में दो आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। 23 नवंबर को प्रार्थी हरेकृष्णा साह निवासी सरकारी अस्पताल के पास बापू नगर खुर्सीपार ने थाना खुर्सीपार में रिपोर्ट लिखवाई। 16 नवंबर की शाम ई-रिक्शा चेचिस नम्बर एमसीबी 18C000049 एवं इंजन नम्बर ERBCHRL071864V15A25357 अपने घर के सामने (सरकारी अस्पताल के पास बापूनगर) में खड़ी किया। सुबह सोकर उठा तो देखा कि ई-रिक्शा वहां नहीं थी। मेराज आलम पिता मेहताब आलम उम्र 23 साल निवासी गौतम नगर सेक्टर 11 आनंद दुकान के पीछे खुर्सीपार और शांता राव पिता नारायण राव उम्र 25 साल निवासी देना बैंक के पीछे स्वीपर मोहल्ला छावनी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने वर्ष 2023 में गौतम नगर जोन 1 खुर्सीपार में घर चोरी की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया। आरोपियों से सोने का हार 1 नग, सोने की चैन 1 नग, सोने का कंगन 1 जोड़ी, सोने की अंगूठी 2 नग सोने की बाली 4 नग, सोने की फुल्ली 1 नग, चांदी का पायल 1 जोड़ी, ई-रिक्शा आदि बरामद किया।




### साइबर फ्रॉड मामले में आरोपी के पिता से पूछताछ

**भिलाई।** बेंगलोर में लाखों रुपए की साइबर फ्रॉड करने के बाद फरार हुए आरोपी की तलाश में बेंगलोर पुलिस की टीम दुर्ग आई थी। जानकारी के मुताबिक फरार नाबालिक आरोपी मोहन नगर थाना क्षेत्र का निवासी है। 1 लाख 40 हजार रुपए की बेंगलोर में हुए साइबर फ्रॉड में शामिल उक्त नाबालिक आरोपी को पकड़ने टीम आई हुई थी। बताया जाता है कि नाबालिग का पिता गुटके का बड़ा कारोबारी है। पुलिस ने आरोपी के पिता को थाने में बैठाकर पूछताछ की है।

### आज से चलेगा श्रमिक संपर्क अभियान

**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को हर श्रमिक तक पहुंचाने दुर्ग जिला भारतीय मजदूर संघ एवं स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ द्वारा 1 दिसंबर रविवार को सुबह 11 सण्डे बाजार सुपेला संघ जिला कार्यालय से श्रमिक सम्पर्क अभियान का भव्य शुभारंभ भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधे श्याम जायसवाल एवं प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे की उपस्थिति में किया जाएगा। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे एवं बीएम. एस. दुर्ग जिला के मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश भारतीय मजदूर संघ द्वारा जारी निर्देश के तहत दुर्ग जिला में बी.एम. एस. के संबद्ध संघो के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा पूरे जिले में श्रमिक सम्पर्क अभियान 1 से 20 दिसम्बर तक चलाया जाना है। अभियान के अन्तर्गत युनियन से जुडे श्रमिकों के अलावा रेहडी, पसरा तथा ठेले में व्यवसाय करने वाले रिक्शा, ई रिक्शा, आटो, चलाने वाले,हमाल, सायकल पर फेरी लगाने वाले मजदूरों से सम्पर्क किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### आदर्श संकुल संगठन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे के मार्गदर्शन में आदर्श संकुल संगठन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डीपीआरसी अंजोरा में आयोजित किया गया। आयोजन में जिले के प्रत्येक जनपद से एक-एक संकुल संगठन को आदर्श संकुल संगठन बनाए जाने तथा आदर्श संकुल संगठन का विजन डाक्यूमेंट तैयार करने, सामुदायिक संगठन का नेतृत्व करने एवं संकुल संगठन का गवर्नेंस बेहतर ढंग से संचालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन में 42 संकुल संगठन के स्कूटीय कमेटी के मेंबर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुनील शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम एवं सभी कमिटी मेंबर्स उपस्थित थे।

### पीएससी टॉपर का नगपुरा में किया गया सम्मान



दुर्ग। छतीसगढ़ लोक सेवा आयोग के टॉपर नगपुरा निवासी उत्तम महोबिया का सम्मान युवा कांग्रेस की टीम एवं ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर बुके देकर की खुशी जाहिर किया। जिसमे प्रमुख रूप से धर्मेश देशमुख उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस, मिनिकेतन यादव, किशोर पारकर, गोपी सिन्हा, अंकित सेन, डोमार देशमुख, खिलेश्वर यादव, जशवंत गोश्वामी, सुजीत देशमुख, आशीष देशमुख सभी ने एक साथ खुशी जाहिर किए।

### कॉलेज के छात्रों ने जाना लाख बनाने की विधि



दुर्ग। सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग के वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य के छात्र-छात्राओं का धमतरी जिले के अछोटा स्थित इंडियन सीड शैलेक इंडस्ट्रीज का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें लाख उद्योग के प्रोपराइटर अमित जायसवाल द्वारा लाख (शैलेक) बनाने की विधि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाख की खेती किस प्रकार कि जाती है तथा पेड से लाख किस प्रकार निकाला जाता है तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दृष्टिकोण से लाख का क्या महत्व होता है। छात्र-छात्राओं को झलमला मंदिर, बालोद एवं विध्यंवासनी मंदिर, धमतरी का दर्शन कराया गया। बालोद जिले में स्थित तांदुला डेम का भी छात्र-छात्राओं को अवलोकन कराया गया। शैक्षिक भ्रमण में महाविद्यालय के वणिज्य विभाग के समस्त प्राध्यापक सम्मिलित हुए।

# दो साल से संभाग में अटकी प्रधानपाठक की पदोन्नति प्रक्रिया

## जेडी के बार-बार रिमांइडर भेजने के बाद भी डीईओ नहीं भेज रहे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। पिछले दो साल से मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया अटकी हुई हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार गुहार लगाने के बाद भी संयुक्त संचालक द्वारा प्रक्रिया को लेकर गंभीरता नही दिखाई जा रही हैं। जेडी से सिर्फ डीईओ को जानकारी मंगाने का हवाला दिया जा रहा हैं, लेकिन अब तक संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी पात्र शिक्षको की जानकारी नही भेज रहा है। जिसके चलते पदोन्नति की प्रक्रिया दो साल से अटकी हुई हैं।

संयुक्त संचालक ने अब एक बार फिर संभाग के जिलों से आवश्यक जानकारी मांगी गई हैं। जिसके बाद दिसंबर माह में प्रक्रिया पूरी किए जाने का अश्वासन शिक्षको को दिया जा रहा हैं। दुर्ग सम्भाग के मिडिल स्कूलों में प्रधान पाठक के बहुत सारे पद वर्तमान में रिक्त हैं, इस पद पर 2022 में एक बार पदोन्नति हुई थी। जिसके बाद से दुबारा पदोन्नति नही हो पाई है, जबकि प्राथमिक प्रधान पाठक पर लगातार प्रमोशन किये जा रहे हैं। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने बताया कि, मिडिल प्रधान पाठक की पदोन्नति हेतु वे संगठन की ओर से संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर व सहायक संचालक केके मिश्रा से कई दौर की बातचीत कर चुके हैं। संयुक्त संचालक ने स्पष्ट किया कि, उक्त पदोन्नति दिसंबर माह में पूर्ण कर ली जाएगी। शालेय शिक्षक संघ की इस उचित मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग द्वारा संभाग के सभी जिला शिक्षाधिकारी से आवश्यक जानकारियां दो, तीन दिनों में मांगने की बात कही गई हैं।

### संभागभर से शिक्षक जूटे

शालेय शिक्षक संघ के सभी जिला प्रमुख चन्द्रशेखर तिवारी (दुर्ग), सत्येंद्र सिंह (बेमेतरा), जितेंद्र शर्मा (बालोद), शिवेंद्र चंद्रवंशी (कवर्धा), विष्णु शर्मा (राजनांदगांव), जितेन्द्र पटेल (मोहला मानपुर) तथा सुशील शर्मा प्रभारी (खैरागढ़-छुईखदान) ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दुर्ग सम्भाग से प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने ज्ञापन सौंपा हैं। सहायक संचालक केके शुक्ला ने बताया कि, 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची से पदोन्नति देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सभी डीईओ को आवश्यक गोपनीय चरित्रावली एवं अन्य जानकारी को एकत्रित करने के निर्देश देते हुए सोमवार तक मांगी गई।



### जिले में 66 पद रिक्त

भले ही प्राथमिक स्कूल में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई हैं। लेकिन मिडिल स्कूल में पदोन्नति दो साल से रूकी हुई हैं। जबकि जिले में 315 पद मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक के स्वीकृत है, जिसमे वर्तमान में सिर्फ 249 पद पर ही प्रधान पाठक पदस्थ है। बाकि 66 पद रिक्त हैं। ऐसे में पदोन्नति किए जाने से रिक्त पद भरे जा सकते हैं। संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर का कहना है कि, निचले स्तर पर कार्य पूर्ण होंगे, उतनी जल्दी ही हम मिडिल प्रधान पाठक पर पदोन्नति दे देंगे।

## बैठक : कलेक्टर ने 13 दिसंबर तक का दिया समय, कहा होगी कड़ी कार्रवाई

# जनवरी से राजस्व के लंबित प्रकरण जस के तस, अब 13 तक अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर अधिकारी गंभीर नही हैं। कलेक्टर के लगातार निर्देश के बाद भी प्रकरण पिछले जनवरी माह से जस के तस बना हुआ हैं। निपटारे में कमी नही आने के कारण अब कलेक्टर ने एक बार फिर आगामी तेरह दिसंबर तक का अल्टीमेटम जारी किया गया हैं। कलेक्टर ने साफतौर पर कहा है कि, अब निपटारा नही करने पर कडी कार्यवाही होगी।

जानकारी अनुसार पिछले साल विधानसभा चुनाव के पहले सितंबर व अक्टूबर में लंबित प्रकरण आठ हजार थे, वही लोकसभा चुनाव के पहले यह आंकडे नौ हजार पहुंच गया था। वर्तमान में लंबित आंकडा 8315 हैं। इस तरह जिले में लंबित प्रकरणों को लेकर राजस्व अधिकारी गंभीर नही दिख रहे हैं। राजस्व से संबंधित कार्य सीधे आम लोगों से जुडे हुए होते हैं। लंबित प्रकरणों का निपटारा नही होने के कारण लोगों को कोर्ट के लगातार चक्कर कांटने पड रहे हैं। फरियादियों को पेशी पर पेशी तारीख दी जा रही हैं।

लेकिन टेबलों में फाइलों की संख्या कम नही हो रही हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को राजस्व से संबंधित प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर 13 दिसम्बर 2024 के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार समय-सीमा के बाहर प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से पूर्ण करें।

राजस्व वसूली में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। तहसीलदार स्वविवेक से राजस्व वसूली में विशेष ध्यान देवें।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की



### नामांतरण सहित बंटवारा प्रकरण लंबित

बैठक में कलेक्टर ने जिले में राजस्व संबंधित होने वाली गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों से राजस्व संबंधी लंबित मामलों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन एवं नक्शा सुधार के कार्यों को पटवारी से समन्वय कर खाता विभाजन के कार्यों को सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

### मौका का निरीक्षण के बाद करे बटांकन

कलेक्टर ने नक्शा बटांकन के कार्यों के संबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच की जाए एवं नक्शा बटांकन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को आबंटित अपने-अपने तहसीलों का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी गंभीरता से निरकरण करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही होगी।

# तहसीलदार ने अवैध प्लाटिंग का किया प्रमाणीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम आयुक्त द्वारा विगत 22 नवंबर को अवैध प्लाटिंग मामले में जमीन मालिक को नोटिस जारी की गई थी। आयुक्त ने सात दिन के अंदर अवैध प्लाटिंग बंद नही किए जाने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी। लेकिन नोटिस के बाद तहसीलदार द्वारा उसी खसरा नंबर की जमीन को प्रमाणीकरण कर दिया गया हैं। जबकि इस जमीन के लिए जारी किए गए ईश्तहार में सोलह दिसंबर को होना था। लेकिन दावा आपत्ति की प्रक्रिया बगैर और बिना सुनवाई के तहसीलदार द्वारा प्रमाणीकरण किए जाने से सवाल उठने लगे हैं।

- नगर निगम आयुक्त ने हाल ही में जारी की थी नोटिस

जानकारी अनुसार विगत 22 नवंबर 2024 को आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने ग्राम सिकोला पटवरी हल्का नंबर 17 राजस्व निरिक्षक मंडल दुर्ग दो के खसरा नंबर भूमि 293/1. रकबा 1.972 हेक्टेयर के बाफना अर्थमूवर्स डाय० संजय बाफना, मालवीय नगर, दुर्ग को नोटिस जारी किया था। उन्होने नोटिस जारी कर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी के साथ जवाब मांगा था। इसकी भनक लगने के बाद इसी खसरे नंबर का तहसीलदार पंचराम सलामे द्वारा नियम कायदों को ताक पर रखकर 26 नवंबर 2024 को प्रमाणीकरण कर दिया हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग तहसीलदार कोर्ट में 21 नवंबर 2024 को 293/1 खसरे का प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। नियमतः इसके आवेदन प्रस्तुत करने के बीस दिन तक दावा आपत्ति व सुनवाई की प्रक्रिया होती हैं। लेकिन तहसीलदार ने 26 नवंबर 24 को प्रमाणीकरण कर दिया। जबकि तहसीलदार द्वारा जारी ईश्तहार में उन्होने ही सुनवाई तिथि 16 दिसंबर 2024 तय किया था। लेकिन इसके पहले बगैर दावा आपत्ति के प्रमाणीकरण किए जाने से सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में तहसीलदार पंचराम सलामे से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

### संभागायुक्त पहले कर चुके कार्यवाही

हाल ही में संभागायुक्त एसएन राठौर द्वारा अवैध प्लाटिंग मामले में बैन किए गए खसरों को प्रमाणीकरण किए जाने के मामले में तत्कालीन तहसीलदार को निलंबित किया था। इसी तरह एक बार फिर तहसीलदार की लापरवाही सामने आई हैं।

### जानकारी लेता हूं

प्रमाणीकरण किए जाने के मामले में जानकारी लेता हैं। प्रकरण की जांच की जाएगी।

**-हरवंश मिरी,** एसडीएम दुर्ग

# साथी बाजार का होगा संचालन महिलाओं की होगी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में रूआबांधा बीज निगम प्रक्षेत्र में साथी बाजार का संचालन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम एवं एफ.पी.ओ. फेडरेशन गठन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई।

- जिला पंचायत के सभागार में बैठक आयोजित



साथी बाजार का संचालन पूर्ण रूप से एक फेडरेशन के द्वारा किया जाना है। उक्त फेडरेशन में दुर्ग जिले के अंतर्गत समस्त एफ.पी.ओ./ एफ.पी.सी. के सदस्यों द्वारा निर्मित फेडरेशन के माध्यम से साथी बाजार का संचालन किया जाना है। इस हेतु जिले के समस्त फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन, कंपनी के डायरेक्टर एवं बी.ओ.डी. के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि, फेडरेशन निर्माण के लिए आवश्यक कार्य किया जाना है। बैठक में फेडरेशन के सदस्य बनने के लिए अंशपूंजी का निर्धारण किया गया। प्रति एफ.पी.ओ. अंशपूंजी की भागीदारी का निर्णय लिया गया। साथ ही संचालक मंडल हेतु नाम का प्रस्ताव व एफ.पी.ओ. में सदस्यों की संख्या का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही साथी बाजार संचालन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया गया। राष्ट्रीय समन्वयक साथी परियोजना मनीष शाहा, राज्य प्रमुख साथी परियोजना अधिकारी अनुराग लाल, नोडल कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. गजेन्द्र चन्द्राकर सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक सम्मेलन

दुर्ग। सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय कसारीडीह में शिशु व प्राथमिक विभाग का अभिभावक सम्मेलन 30 नवम्बर को किया गया। विशिष्ट अतिथि गिरीश दीवान, भवन अधिकारी व मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा शिशु वाटिका प्रांत प्रमुख, अध्यक्षता दीपक सोनी, विभाग समन्वयक विभाग रहे। समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रतिवेदन प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने दिए। मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि गिरीश दीवान ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सांस्कृतिक प्रमुख पूर्णिमा भौमिक व प्रमजीत कौर भाटिया के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। संचालन संतोषी पटेल के मार्गदर्शन में कक्षा पंचम की बहन पल्लवी साहू ने किया।

# कृषकों में जागरुकता लाने ऊर्जा एवं जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी (बीईई) भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने हेतु आज कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) विकासखण्ड पाटन दुर्ग में अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यशाला में क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी रवीन्द्र कुमार देवांगन द्वारा सोलर पंप एवं अन्य सौर संयंत्रों के सफल संचालन हेतु विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई।

- सौर संयंत्रों के संचालन की दी जानकारी



मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ विजय जैन (कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा 'अ') ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि, वर्तमान में बिजली एवं जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न ऊर्जा संकट तथा निरंतर गिरते हुये जल स्तर के कारण भविष्य में आने वाली कठिनाईयों के निदान के लिए आज संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा किसानों को जल एवं मृदा संरक्षण हेतु कार्यशाला की उपयोगिता तथा कार्यशाला में दिये जाने वाली जानकारी के प्रयोग द्वारा ऊर्जा संरक्षण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। कमल नारायण वर्मा (विषय विशेषज्ञ उद्यानकीय) द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि, फसल चक्र परिवर्तन के माध्यम से किस्म के आधार पर पानी की आवश्यकता पड़ती है जिसकी जानकारी होने पर बहुत अधिक मात्रा में जल का संरक्षण किया जा सकता है।

## सड़क व नाली के किनारे मटेरियल रखने पर होगी कार्रवाई

# बिल्डिंग मटेरियल रखने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सडक किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने वालों की अब खैर नही है। इसके लिए आयुक्त ने संबंधितों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए है। मटेरियल सडक पर रखने के कारण आवाहाजी और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

- कमिशनर ने वार्डों के निरीक्षण में दिए निर्देश

कमिशनर सुमित अग्रवाल शहर के वार्डो में निगम अमला के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। कमिशनर ने वार्ड क्रमांक 1 नयापारा बाजार के पास सड़क किनारे पढ़े सीएनडी वेस्ट को हटाने और जुर्माना करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर तालाब पहुँचे, जहाँ सफाई और पानी निस्तार के लिए संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। सुबह कमिशनर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 1 नया पारा, पंचशील नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लीकेज पाइप लाइन को जल्द ठीक करने को कहा। साथ ही सड़क किनारे बिल्डिंग मटेरियल देखकर मौजूद अधिकारी को कार्रवाही करने की बात कही।



### सामग्री जप्ती की भी होगी कार्यवाही

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि, शहर के कई वार्डो में रोड, नाली के किनारे बिल्डिंग मटेरियल रखने पर नगर निगम का अमला सामग्री जब्त करने की कार्रवाई करेगा। रोड व नाली के किनारे रेत, गिट्टी, ईंट का ढेर रखने से आवागमन में परेशानी होती है।

### नालियां हो रही जाम

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने बताया कि, भवन निर्माण करने वाले नागरिकों ने बिल्डिंग मटेरियल रखने की व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में लापरवाही से सड़क या नाली के किनारे रेत-गिट्टी रखने से आवाजाही पर असर पड़ रहा है। इसके कारण नागरिकों को आने जाने पर परेशानी होती है। मटेरियल रखने के कारण नालियां जाम हो रही हैं। उन्होंने व्यवसाय करने वाले व भवन निर्माण करने वालो से अपील की है। बिल्डिंग मटेरियल सड़क व नाली के ऊपर न रहें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेलूद में गायत्री महायज्ञ का आयोजन कल से

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ, विशाल कलश यात्रा, महिला सम्मेलन, एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन 2 से 5 जनवरी 2025 को ग्राम सेलूद में आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में इस आयोजन की सफलता के लिए ग्राम छाटा में दीप संकल्प यज्ञ का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि प्रथम दिवस गाजे बाजे के साथ 5100 कलश धारण करके कलश यात्रा निकाली जाएगी। 24 कुंड में सप्तलीक यज्ञ में तीन सौ जोड़े तीन दिन तक पूजन विधि में बैठेंगे। हरिद्वार शांति कुंज से सनातनी वक्ताओं का आगमन होगा। गायत्री परिवार के अशोक सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप यज्ञ संकल्प पूरा कराया। कार्यक्रम में सरपंच सेलूद खेमिन साहू, खेमलाल साहू, संजय यदु, अजय सिंह ठाकुर, सीता बंछोर, किशन वर्मा, उषा पटेल सहित आदि मौजूद थे।

## निधन

### एस जानकी अम्मा



**भिलाई।** शांति नगर भिलाई सडक नं 12 निवासी एस जानकी अम्मा उम्र 84 वर्ष का निधन 29 नवंबर को हो गया। वे विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त एसआर राजू, उमाराजू की मां, टी प्रियंका, अंकित राजू की दादी और वैशाली नगर निवासी टीवीएन राजू की सास रवि, सन्नी, पवन की नानी थीं।

### अनिल यादव



**भिलाई।** मॉडल टाउन वार्ड 3 निवासी अनिल यादव उम्र 42 वर्ष का आकस्मिक निधन 28 नवंबर को हो गया । उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे नेहरू नगर एवं स्मृति नगर साप्ताहिक सब्जी मंडी के अध्यक्ष थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### निकेतन ताम्रकार लक्की



**भिलाई।** मोती पारा, दुर्ग निवासी निकेतन ताम्रकार (लक्की) उम्र 36 वर्ष का आकस्मिक निधन 29 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अरूण कुमार ताम्रकार के पुत्र थे।

### प्रबंधक 14 वर्षों से खंडहर में व्यवस्था का संचालन करने विवश

# भाठागांव आर सोसायटी में ना साधन है प्रसाधन, किसानों को हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भाठागांव आर सेवा सहकारी समिति वर्ष में 80,000 क्विंटल धान की खरीदी करती है जिसमें 1315 किसान पंजीकृत है, लेकिन किसानों के बैठने के लिए ना साधन है ना ही प्रसाधन है। स्वयं प्रबंधक 14 वर्षों से अंग्रेज के समय मैदान में बने एक खंडहर में व्यवस्था का संचालन करने विवश है। जिम्मेदार अधिकारियों का इस अस्त व्यस्त नजारों पर नजर नहीं जाना लापरवाही का प्रमाण बनकर जग जाहिर हो रहा है। विदित हो कि स्वतंत्रता के बाद भाठागांव आर विधानसभा मुख्यालय हुआ करता था और आज अपनी दुर्गति पर आंसू बहा रहा है। उल्लेखनीय है सोसायटी का मुख्य केंद्र भाठागांव आर है और उपकेंद्र रनचिराई है उपकेंद्र सुविधायुक्त बताया जाता है। प्रशासन की अजीबो गरीब व्यवहार तो देखिए उपकेंद्र में सोसायटी प्रबंधक है मुख्य केंद्र भाठागांव आर को प्रबंधक भी नसीब नहीं है प्रभार में काम चल रहा है।

भाठागांव आर सोसायटी के साथ हो रहे अन्याय के लिए कौन जिम्मेदार है। शासन को जांच कर अन्न दाता किसानों को इंसाफ दिलाना चाहिए। 10500 क्विंटल धान संग्रहण की क्षमता वाली सोसायटी में 15862 क्विंटल की स्टॉक हो चुकी है और आवक जारी है प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि खरीदी जारी रहेगी। परिवहन जारी नहीं हुआ है। ओव्हर लोड स्टॉक पर सोसायटी और मौसम का खतरा भी मंडरा रहा है।

प्रभारी प्रबंधक तामेश्वर साहू ने बताया कि किसान 40 प्रतिशत टोकन सुविधा का लाभ सोमवार भाठागांव आर, मंगलवार जरवाय, बुधवार डोंगितराई, गुरुवार जोरातराई और शुक्रवार मासुल ले सकते हैं उन्होंने कहा कि 1800 क्विंटल एक दिन खरीदी लक्ष्य है अतएव 800 क्विंटल आफ लाइन टोकन सुविधा किसानों को मिल सकेगा। विदित हो कि टोकन का उपयोग अगले सप्ताह नियत दिवस पर किसान कर सकते हैं।

**उपपंजीयक समस्या निदान के लिए पहुंचेंगे भाठागांव आर, बोरा की व्यवस्था के लिए प्रबंधन सक्रिय**







#### बारदाना के लिए मचा हड़कंप पर लगा विराम

मिलर्स हड़ताल के कारण बारदाना तंगी से निजात पाने किसानों से सोसायटी प्रबंधन ने बारदाना की व्यवस्था में सहयोग के लिए आग्रह किए जिससे किसानों में हड़कंप मच गई लेकिन आधिकारिक जानकारी के मुताबिक बारदाना समस्या का हल निकल गया है सोसायटी में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने का प्रयास जारी हो चुका है किसानों को परेशान नहीं होना है।सहायक प्रबंधक तामेश्वर साहू ने बताया कि जो किसान बारदाना की व्यवस्था कर चुके होंगे तो उसका उपयोग वे कर सकते हैं। किसान दिलेश्वर साहू ने कहा कि बहुत पुरानी सोसायटी है भाठागांव आर लेकिन सुविधा के नाम पर जीरो है। किसान दिनभर सोसायटी में रहते हैं किसानों को शौचालय, उठने बैठने आराम सबकी जरूरत पड़ती है लेकिन थके मांदे अन्नदाता की सुविधा के तरफ शासन प्रशासन का ध्यान ही नहीं है। भाजपा थी कांग्रेस आई और चली गई फिर भाजपा सरकार प्रदेश में आ गई स्थिति बद से बदतर है किसी ने सुध नहीं लिए। किसान ने कहा सुनने भी आया था कुछ सोसायटी में किसानों के लिए भोजन सुविधा बड़े किस्मत वाले किसानों को नसीब हुआ होगा। यहां तो प्रसाधन की भी सुविधा नहीं है।

#### उपकेंद्र में प्रबंधक और मुख्य केंद्र में प्रभारी

सोसायटी प्रबंधक यशवंत साहू का स्थानांतरण धान खरीदी के एन वक्त में उपकेंद्र रनचिराई कर दिया गया। सहायक प्रबंधक को चार्ज देकर प्रबंधक चले गए। किसान भी प्रशासन की इस फरमान से हैरान है। भाठागांव आर सोसायटी की व्यवस्था अविलंब चुस्त दुरुस्त करने की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक कोई असर नहीं आया है। क्या प्रशासन अन्नदाता को हक की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से विवश कर रही है। सोसायटी के प्रति शिथिलता तो यही कहानी बया करने लगी है। वहीं सोसायटी प्रबंधक देवकुमार साहू ने कहा कि किसानों को बोरा की परेशानी नहीं होगी मिलर्स हड़ताल के कारण एतिहात के तौर पर किसानों से आग्रह किया गया था लेकिन बोरा पर्याप्त मिलने की जानकारी प्रबंधन से मिल रही हैं। वहीं बालोद उपपंजीयक राजेंद्र प्रसाद राठिया ने कहा कि वे स्वयं अगले सप्ताह भाठागांव आर सोसायटी का दौरा कर समस्याओं का अवलोकन कर हर संभव निदान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वारदाना की समस्या हल हो गई है किसान भाई परेशान ना हो।

### रुक सकती है धान खरीदी



**जामगांव आर।** केंद्रीय जिला सहकारी बैंक जामगांव आर अंतर्गत चार सोसायटी जामगांव आर, बटरेल, मरर और कुम्हली में भंडारण की क्षमता 28, 000 क्विंटल की है। परिवहन प्रारंभ नहीं होने के कारण 67,000 क्विंटल भंडारण हो चुका है। परिवहन नहीं होने की स्थिति ऐसी ही रहेगी तो धान रखने की जगह ही नहीं बच पाएगी तो स्वमेव धान खरीदी पर विराम लग जाएगा। जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने बताया कि तिरपाल से धान ढके हुए हैं परिवहन की आवश्यकता मुख्य है। उन्होंने बताया कि 15 करोड़ की धान खरीदी और साढ़े 5 करोड़ की वसूली हो चुकी है। 1315 किसानों ने अभी तक धान विक्रय इन सोसायटियों में किए है। वारदाना उपलब्ध खरीदी अनवरत जारी है बस एक ही मांग है परिवहन शीघ्र प्रारंभ हो।

### बारिश से धान को बचाने समितियों ने कसी कमर, थनौद में ढक रहे तिरपाल



**निकुम।** निकुम सहित अंचल में बेमौसम बारिश से धान को सुरक्षित रखना चुनौती साबित हो रहा है। कहीं खेतों में धान खरही, तो कहीं खलिहान में धान के ढेर पड़े हैं। वही बिगड़ैल मौसम व बादल पर छाये बदली ने किसानों व धान खरीदी केन्द्रों की माथे पर चिंता की लकीर फेर दी है। बीते चार महीने से किसान कमर तोड़ मेहनत कर धान की पैदावारी कर हारवेस्टर, लेबर सहित कई जुगात लगाकर कटाई, मिजाई कर धान बेचने की जुगात में लगे, लेकिन शनिवार की सुबह से खराब मौसम ने सभी को चिंता में डाल दिया। वही सेवा सहकारी मर्यादित थनौद में हरिभूमि संवाददाता ने पहुंचकर धान खरीदी केन्द्र में बारिश से बचने कार्य कर रहे प्रभारी समिति प्रबंधक अजय देशमुख ने बताया कि 240 किसान पतला 2070.80 क्विंटल व सरना 8351.20 क्विंटल धान बेच चुके हैं। वहीं थनौद में 18 हजार क्विंटल की क्षमता है, लेकिन धान का उठाव नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, वहीं खरीदे गये धान को सुबह से ही मजदूर लगाकर पूर्णरुप से तिरपाल से ढककर सुरक्षित कर लिये है। वहीं निकुम, आलबरस, तिरगा में भी समिति प्रबंधकों ने तीरपाल से धान को ढकते दिखे। वहीं किसान खेत, खलिहान में अपने धान को सुरक्षित करने जुगाड़ करते दिखे।

### किसान हितैशी होने ढपली बजाना बंद करे भाजपा सरकार: जनपद सदस्य रुपेश



प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ किसान हितैशी होने ढपली बजाना बंद करे, किसानों की सुध लेने की बजाय सिर्फ भाजपा सदस्य बनाने में दिन रात एड़ी चोटी कर रही है। वहीं धान खरीदी सिस्टम को नींद से जागकर दुरुस्त करे, बंफर लिमिट को बढ़ाए, आफलाइन टोकन को 60 प्रतिशत व ऑनलाइन को 40 प्रतिशत करे, ताकि ग्रामीण किसानों को राहत मिल सके, रात को खराब मौसम व ठंड में खलिहानों में रतजगा कर व सुबह भूखे प्यासे टोकन के लिए किसान सर्वर के कारण भटक रहे। खराब मौसम व सरकारी सिस्टम से चिंता में डूबे किसान परेशान है।

## धमधा के 45 संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

बीआरसी भवन कार्यालय धमधा में जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग के द्वारा धमधा विकासखंड के 45 संकुलो के संकुल समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों की समिक्षा बैठक ली गई। वहीं एक निश्चित कार्य योजनानुसार अपार आईडी, एफएलएन के उद्देश्यों, परख परीक्षा एवं अर्धवार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन दुर्ग जिले का रहे इसके लिए अभिप्रेरित किया गया।

वहीं जिले के एपीसी विवेक शर्मा ने आगामी परख परीक्षा के आयोजन के लिए पूर्व तैयारी पर चर्चा की साथ ही एफआई एवं आबजर्वर के साथ संपर्क करके परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। डाईट से आये संदीप दुबे द्वारा इस परीक्षा के लिए पूर्व तैयारियों एवं विद्यालय के शिक्षको के सहयोग के सन्दर्भ में निर्देश दिए गये।



■ बेसलाईन परीक्षा परिणाम एवं तिमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा की

जिला शिक्षाधिकारी के द्वारा बेसलाईन परीक्षा परिणाम मे सभी 45 संकुलो के स्कुलवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई और शीर्ष पर रहने वाले संकुलों और विद्यालयों की पीठ थपथपाई एवं और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस परीक्षा मे बेहतर परीणाम न प्राप्त करने वाले विद्यालयों एवं संकुलो में उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्राचार्यो से तिमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई और अपने अपने स्टाफ के साथ तालमेल बैठाते हुए उन्हे प्रेरित करते हुए और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए कार्य करने निर्देशित किया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा 9 से

**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन 9 दिसंबर से 17 दिसंबर तक ग्राम कुथरेल में किया जा रहा है। जिसकी तैयारी में गायत्री परिवार सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम के लिए महिला समिति द्वारा प्रत्येक घरों में अन्न घट थैला एवं आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है साथ ही विभिन्न प्रकार के संस्कार प्रतिदिन गायत्री महायज्ञ में निशुल्क कराया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### रुंगटा पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी और वार्षिकोत्सव का उद्घाटन आज





**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के तत्वावधान में चलने वाले रूंगटा पब्लिक स्कूल के लिए 1 दिसंबर का दिन बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है, स्कूल के सभी छात्र और कर्मचारी जोश के साथ वार्षिक प्रदर्शनी और वार्षिक उत्सव की तैयारी के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। वार्षिक प्रदर्शनी का विषय भारत का सांस्कृतिक समामेलन और वार्षिक दिवस के लिए विषय रिश्तों के ताने-बाने रिश्ते है।

इस विशेष अवसर पर स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। एक कक्षा की सीमा से परे जाकर, एक अच्छी तरह से परिभाषित विषय पर प्रदर्शनी छात्रों को मॉडल, चार्ट आदि प्रदर्शित करने का मौका प्रदान करेगी। जो छात्रों के नया सीखने के लिए दिलचस्प और प्रभावशाली है। इस वार्षिक प्रदर्शनी में सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, भाषा, कला और शिल्प के विभिन्न विषय की प्रदर्शनी ने छात्रों की सोच, विश्लेषणात्मक, रचनात्मक, वैज्ञानिक कौशल को तेज करने और यहाँ तक कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रिश्तों के ताने-बाने -रिश्ते विषय पर वार्षिक समारोह उस महत्व और जुड़ाव को सामने लाएगा जो हम सभी अपने आस-पास मौजूद हर इकाई के साथ अनुभव करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधान सभा के युवा और ऊर्जावान सदस्य रिकेश सेन, बीके इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंधक विजय गुप्ता, बीजेपी वरिष्ठ नेता अरविंद जैन के साथ पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर और कोच जोंटी रोड्स के द्वारा 'रूंगटा क्रिकेट अकादमी' का भव्य उद्घाटन होगा। टीम आरपीएस अनुकरणीय प्रदर्शन प्रस्तुत करने और इस दिन को सभी के लिए यादगार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### सिरसिदा स्कूल में बच्चों को कराया नेवता भोजन



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोजन कराया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोजन लागू करने का निर्णय लिया गया है। उसी क्रम में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा में जन्मदिन के अवसर पर लीना देवांगन प्रधान पाठक ने अपने पुत्र माणिक्य देवांगन के जन्मदिन पर शाला के सभी बच्चों को नेवता भोजन कराया गया। जिसमें महेंद्र कुमार साहू, हीरालाल साहू, मंगलीन ठाकुर, पुष्पा साहू, राकेश कुमार साहू, शैल सुनहरे आदि उपस्थित थे।

### सेल से जुड़ना गौरव, दीर्घसेवा बाद रिटायर हुए बीएसपी के जीएम पीआर कुरियन

# कोविड में चिकित्सकीय प्रबंधन थी बड़ी चुनौती, हिला गया प्लेन हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



देश दुनिया में सेल की ध्वजवाहक इकाई औद्योगिक तीर्थ की सामाजिक समरसता और कीर्तिमानी लंबी यात्रा के सहयात्री होने का गर्व उन्हें हरदम रहा। उनकी सदैव भरसक कोशिश रही कि देश की बेकबोन माने जाने वाले जिस मेगा उपक्रम ने उन्हें सब कुछ दिया, वे भी अपना सर्वोत्कृष्ट दें। दिलो-दिमाग में इसी फीलिंग और संकल्प के साथ पायदान दर पायदान चढ़ते दिली सूकून के बाद कब दीर्घ सेवाकाल की सांध्यवेला आ गई पता ही नहीं चला। उन्होंने आज आखिरी बार भरे दिल से अपने उस सेकंड होम माने जाने वाले आफिस की चेयर और मेज के महती वर्किंग व डिजाइनिंग की यादों से जुड़े कंप्यूटर व फोन को देखा, जहां से वे सफलता से रुटीन काम के साथ हर प्रबंधकीय चुनौतियों को अवसरों में बदल फौलादी संस्कृति को समृद्ध करने में अवदान देते रहे। और फिर कंपकंपाती उंगलियों से लिखा- हार्टली थैंग्स भिलाई इस्पात संयंत्र...। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक ( पीआरडी) जेकब कुरियन .. चार दशकों के अपने दीर्घ सेवाकाल के बाद आज 30 नवंबर को जब सेवानिवृत्त हुए तो उनके दिल में गर्वानुभूति के साथ चेहरे पर दिली सकून तो था ही जन संपर्क कार्यालय का माहौल भी भावभीना हो गया। यहां अंतिम मर्तबा हाथ मिलाते और शुभकामनाएं देते हुए सहकर्मचारी और अधिकारी भी भावविभोर हो गए। बीएसपी भिलाई में 27 अक्टूबर 1986 को मैनेजमेंट ट्रेनी एनमिनिस्ट्रेटिव के रुप में अपनी यादगार सर्विस जर्नी शुरु करने वाले है।

#### फौलादी संस्कृति है सभी के लिए प्रेरक: जेकब

जनसंपर्क विभाग प्रमुख के रुप में जेकब कुरियन ने बीएसपी के उत्पाद और फौलादी संस्कृति के प्रचार और देश विदेश के आगंतुक अतिथियों के सत्कार के साथ प्लांट की छवि को धवल करने में महती योगदान दिया। वर्ष 2019 से 2024 डीजीएम के बाद जीएम (जनसंपर्क) और इसके पूर्व 2008 से 2011 डीजीएम के सेवाकाल में बीएसपी प्रबंधन व मीडिया के बीच मजबूत सेतु के रुप में बेहतर पेशेवराना समन्वय से संबंधों के तटबंध को कभी टूटने नहीं दिया। इस दौरान संयंत्र के सामने खड़ी हुई कई चुनौतियों का भी गहन अनुभव से विभागीय टीम वर्क से मुकाबला किया। 2020 से 22 के दौरान कोविड जैसी महाआपदा के दौरान बीएसपी के कार्मिकों के लिए जेएलएन हास्पिटल में मेडिकल फेसिलिटीज, कोविड उपकरणों की खरीदी, प्रिंटिंग से लेकर महामारी से दिवंगत ढाई सौ कार्मिकों के शवों के लिए कोफीन आदि इंतजाम करवाने के साथ बीएसपी की सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारी भी बखूबी निभायी। लांकडाउन के माहौल में राहत के लिए मेडिकली प्रशासन व शासन के नुमाइंदों के साथ लगातार मीटिंग अरेंज कराना बड़ी चुनौती थी। 1992 में बीएसपी के प्लेन क्रेस व हमारे पांच लोगों की मौत एक बड़ा हादसा था,जिससे उबरने हम सभी को खासा जूझना पड़ा। श्री कुरियन ने अपनी 38 वर्ष के दीर्घ सेवाकाल में अधिकतर समय पर्सनल विभाग में सेवाएं देते हुए प्रबंधन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश की। आरसीएलसी, सामुदायिक विकास विभाग, परिधीय विकास फिर 2005 में माइंस दिल्ली राजहरा के बाद 2007 में एजीएम एचआरडी के बाद रुल्स सहित 18 महकमों में उत्कृष्ट योगदान दिया। जीएम श्री कुरियन बताते हैं कि पीआर सहित अन्य विभागों में कोविड काल या अन्य चुनौतियों का टीम वर्क से इसलिए सामना कर सके कि प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरा भरोसा करने के साथ सहयोग भी दिया और सहकर्मियों ने भी साथ दिया। मीडिया के मित्रों का भी अच्छा सहयोग रहा।

#### आउटसोर्स क्वालिटी की है चुनौती

बीएसपी के जीएम पीआर श्री कुरियन बताते हैं कि मेरे लिए महारत्न सेल से जुड़ना गर्व की बात रही। बीएससपी का कीर्तिमानी उत्पादन व सामाजिक मेलमिलाप का वर्क कल्चर सबके लिए प्रेरक है। वक्त के साथ बदलाव स्वाभाविक है। मैंने 86 में जब बीएसपी में ज्वाइन किया तब 66 हजार वर्कर्स और 82 बीएसपी स्कूल थे। वर्तमान में मात्र 15 हजार मेनपावर व 14 स्कूल बचे हैं। पहले सेक्टर 9 हास्पिटल पर लोगों की निर्भरता अधिक थी, अब यहां कई प्राईवेट अस्पताल खुल गए हैं। बतौर चुनौती बीएसपी को बदलाव के दौर में आगे बने रहने के लिए जरुरी है कि आउटसोर्स में क्वालिटी हो। क्वालिटी लेबर के साथ पेमेंट भी सही हो और कंपनी को घाटा भी न हो । श्री कुरियन बताते हैं कि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता सफल मुखिया ही नहीं बल्कि वर्किंग चुनौती को पूरा करने सदैव मदद के लिए भी तत्पर रहते हैं। वर्कर्स से पूछते हैं अचीवमेंट के लिए आपको क्या चाहिए।

## अंचल की खबरें

### पीएम आवास निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**पाटन।** दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी अचानक पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत कसही पहुंची और ग्राम पंचायत के हो रही प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, पाटन के धान खरीदी केंद्र भी पहुची और धान की वजन एवं क्वालिटी की जांच की। वहीं पन्दर और सोरम सोसायटी भी पहुंच कर विभिन प्रकार की कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर चौधरी से पाटन के किसानों ने टोकन की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान गांव के सरपंच राकेश आडिल, पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव, परियोजना अधिकारी सुमित गंडेचा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी महिलांगे, तहसीलदार मीना साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ



**अंडा।** ग्राम पंचायत डंगनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही का सात दिवसीय विशेष शिविर में बौद्धिक पर चर्चा सत्र में डॉ. नीता बाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना पदेन उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और समापन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद का आगमन शिविर के छठवें दिन मेरा युवा भारत के थीम को लेकर परियोजना कार्य और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. मानसी गुलाटी रमेश चंद्र फाउंडेशन शंकराचार्य के द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ नीता बाजपेई ने बच्चों से रूबरू होकर युवाओं को स्वामी विवेकानंद जैसे बना है विषय पर परिचर्चा की। डॉ. आरआरपी अग्रवाल राष्ट्रीय सेवा योजना का जीवन में क्या महत्व है इस विषय पर अपनी बात कही। वहीं क्षेत्रीय विधायक कुंवर निषाद ने कहा कि वह भी स्वयंसेवक रह चुके हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भोज साहू , दुर्ग ग्रामीण अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय साहू , नितिन शर्मा युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र का सानिध्य प्राप्त हुआ।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान केंद्र, रायपुर ले जाया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों, ग्राफिक के माध्यम से तारामंडल तथा खेल-खेल के माध्यम से विज्ञान के अनुप्रयोगों को समझा गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण की अनुशंसा करते हुए महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजन कुमार दुबे ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से विद्यार्थी नई चीज़ सीखते हैं, उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है, भ्रमण विद्यार्थियों को अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

### विद्यार्थियों ने मनाया संविधान दिवस



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. डीके बैलेन्द्र के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वेदप्रकाश ठाकुर और राजनीति विज्ञान विभाग के ओम प्रकाश के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य के द्वारा संविधान दिवस के महत्व, संविधान से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। संविधान के प्रस्तावना के सामुहिक वाचन के पश्चात विद्यार्थीयों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव व मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 2 दिसम्बर को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, 3 दिसम्बर को खुर्सीपार जोन-2 व 3, 4को जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र, सेक्टर-6 व 9, रूआबांधा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 5 दिसम्बर को टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-05, सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-5, टीए बिल्डिंग, 6 दिसम्बर को सेक्टर-6 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर-2 का आधा हिस्सा, बीएमडीसी व रसियन कॉम्पलेक्स तथा 7 दिसम्बर को मरोदा व रिसाली सेक्टर। उक्त क्षेत्रों 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में क्रिएटिविटी सत्र

**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10, में क्रिएटिविटी पर आधारित सत्र आयोजित किया गया। सत्र को पूर्व निदेशक शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एसपीएस जग्गी ने सम्बोधित किया। महाप्रबंधक शिखा दुबे, प्रधानाचार्य सुमिता सरकार उपस्थित थे। श्री जग्गी ने सहयोग, सतर्कता और जिज्ञासा आदि सिद्धांतों को छात्रों को उदाहरणों के साथ समझाया। नवमी से बारहवीं तक के तीस छात्रों ने इस सत्र में भाग लिया, जिन्हें छह टीमों में बांटा गया। इन टीमों को अपना नाम रखने को कहा गया, और इन टीमों - वेद, वायु, ब्रेनस्टॉर्मर्स, ड्रीमरर्स, बोल्ट व एक्सपैंडर्स ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कुछ नया सृजनात्मक सोचने की कोशिश की।


### पीएम से दो गेट की मांग, स्टेशन में हुआ फुटओवरब्रिज का निर्माण, एस्केलेटर निर्माणाधीन

# पावरहाउस बन रहा मॉडल स्टेशन एक ही गेट से बुजुर्गों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**ताम्रकार के पीएम को लिखे पत्र बाद डीआरएम ने दिलाया भरोसा, सर्वे बाद सुझावों पर होगा अमल**





पावरहाउस रेलवे स्टेशन को मांडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने के दौरान कुछ सुविधाओं को नजरंदाज किया जा रहा है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में छग प्रदेश कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर स्टेशन के फ्रंट साइड में एक के बजाए दो गेट निर्माण कराने के साथ अन्य समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। पीएमओ के पत्र को संज्ञान में लेने के बाद डीआरएम ने स्टेशन में समस्याओं का सर्वेक्षण कराने का भरोसा दिलाया है।

उल्लेखनीय है कि पीएम की देश के 5 सौ रेलवे स्टेशनों की माडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने की योजना के तहत पावरहाउस स्टेशन का भी पुनर्विकास किया जा रहा है। रेलवे द्वारा 27 करोड़ की लागत से इस स्टेशन का नवनिर्माण किया जा रहा है। यहां विस्तार व सौंदर्यीकरण के साथ कई यात्रियों के लिए नई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। संधारण कार्य के दौरान पावरहाउस स्टेशन के जीई रोड की ओर मात्र एक ही गेट का निर्माण किया जा रहा है। इससे यात्रियों को असुविधा होगी। इस मामले में छग प्रदेश कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर स्टेशन में एक के बजाए दो प्रवेश द्वार निर्माण कराए जाने की मांग की थी। पत्र में मांग की गई कि दो गेट बनने से दिव्यांगों और बुजुर्गों को आवाजाही में सुविधा होगी। क्योंकि एकमात्र गेट होने से दिव्यांगों, सीनियर सिटीजनों और महिलाओं को आवागमन में परेशानी होगी। इसे देखते हुए जीई रोड की ओर दो गेट का निर्माण करवाया जाए। साथ ही दो गेट सायकल स्टैंड के पास भी बनें। उन्होंने बताया कि पीएमओ द्वारा पत्र को संज्ञान में लेने की जानकारी दी गई है। अब निर्मात्री कंपनी को जल्द दूसरे गेट का निर्माण शुरु कराना चाहिए। स्टेशन में अब तक सेक्टर 1 साइड से फुट ओवरब्रिज का निर्माण हो चुका है और एसकेलेटर निर्माण आदि का कार्य चल रहा है।

**शिकायत पर संज्ञान**

पावरहाउस स्टेशन में दो गेट निर्माण के अलावा पावरहाउस चौक से स्टेशन आने वाली सड़क का समतलीकरण कराने व प्लेटफार्मों में टाइल्स की फिटिंग ठीक से कराने की भी मांग की गई। बताया कि सीमेंट की सड़क ऊबड़खाबड़ होने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। श्री ताम्रकार ने बताया कि पीएम से शिकायत के बाद रायपुर रेल मंडल के डीआरएम द्वारा पत्र में आश्वस्त किया गया है कि रेलवे द्वारा सुझावों को संज्ञान में लिया गया है। उल्लेखित विषय पर कार्यवाही के लिए संयुक्त सर्वेक्षण हेतु पत्राचार किया गया है। सर्वेक्षण बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## एमआरडी के एफएसएनएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रही एडब्ल्यू राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की बैठक में श्रमिकों की मांग

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में हुई। बैठक में बकाया एडब्ल्लूयूएए राशि दिलाने सहित अन्य समस्याओं को जल्द निदान की मांग की गई। मजदूरों ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र के एमआरडी विभाग में फैरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के अंतर्गत कार्य करने वाले एचएसएलटी ठेका श्रमिक और अन्य ठेका श्रमिकों को 8 फरवरी को एनजेसीएस की बैठक में निर्धारित 14 00 रुपए ए डब्ल्यू ए की राशि नहीं मिल रही है। सेल के द्वारा निर्धारित 2300 रुपए एडब्ल्यूए दिया जा रहा है। ठेका श्रमिकों ने स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय में अपनी समस्या अध्यक्ष संजय कुमार साहू को अवगत कराया एवं आवेदन दिया। श्रमिकों ने कहा पहले भी सेल में निर्धारित ए डब्ल्यू ए की राशि प्राप्त करने के लिए इंटक यूनियन के प्रयास से मिल पाया है एवं ठेका श्रमिकों ने बताया की इसके लिए लगातार एम आर डी प्रबंधन से शिकायत बाद भी अभी तक उन्हें मार्च से लागू1400 रूपए एडब्ल्यूए नहीं मिली है। एच एस एल टी ठेका श्रमिक एवं अन्य ठेका श्रमिक एम आर डी के अंतर्गत ही स्क्रैप कलेक्शन का कार्य एफएसएनएल में सीआई ए कंपनी के अंतर्गत कार्य करते हैं। श्री साहू ने कहा की ए डब्ल्यू ए की राशि पूरे सेल के अंतर्गत प्रोजेक्ट को छोड़कर सभी ठेका श्रमिकों को मिलनी है। इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र एवं एफएसएनएल प्रबंधन से चर्चा की जाएगी और समस्या का समाधान निकाला जाएगा एवं ठेका श्रमिकों को मार्च 2024 से 14 00 रूपए दिलाई जाएगी।

**रेस्टरुम नहीं होने से डस्ट**

सींटरिंग प्लांट 3 ब्लास्ट फर्नेस ,ओ एचपी के ठेका श्रमिकों ने कहा कि ठेका श्रमिकों को रेस्ट करने के लिए रेस्ट रूम की सुविधा नहीं है। मजबूरी में कहीं पर भी खाना खाने के बाद बैठकर आराम करना से गैस डस्ट में कहीं पर बैठकर खाना खाना पड़ता है। रेस्ट रूम की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सीपी वर्मा दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल आर दिनेश गुरुदेव साहू जसबीर सिंह रिखी राम साहू देवेंद्र कुमार कान्हा रामू कुलेश्वर कुमार डामन लाल साहू नारायण सुरेश दास टंडन एवं संतोष कुमार एम आर डी के एच एस एल टी ठेका श्रमिक एवं अन्य श्रमिक एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## बीएसपी प्रबंधन ने दी सेवानिवृत्तों को विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से नवम्बर माह में 96 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 10 कार्यपालक व 86 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। ईडी बीके गिरी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## बीएसपी में यांत्रिकी सेवा संरचनाओं का निरीक्षण और सुधार कार्य

■ 19 विभागों में किया संक्षारणरोध पेंट

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी सेवा विभाग के तहत, उपकरण निर्माण और संरचनात्मक निरीक्षण अनुभाग पूरे संयंत्र में तकनीकी संरचनाओं के स्वास्थ्य की निगरानी करता है। यह तकनीकी इस्पात संरचनाओं, कन्वेयर गैलरी, गैस पाइपलाइन, टैंक, वॉकवे, डक्ट आदि का नियमित निरीक्षण करता है और उपचारात्मक उपाय सुझाता है। संयंत्र के सौंदर्य में सुधार लाने और महत्वपूर्ण संरचनाओं के जीवन को बढ़ाने के लिए महाप्रबंधक आशीष घोष और उपप्रबंधक महेश कुमार गुहा के मार्गदर्शन में यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा अनुबंध संचालित किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा और तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक एसके गजभिये के नेतृत्व में 7 लाख वर्ग मीटर की तकनीकी संरचनाओं के सभी ऊंचाई और गहराई को कवर करते हुए 19 विभागों में संक्षारण रोधी पेंट किया गया है। स्टील चिमनी निरीक्षण का काम भी किया और संयंत्र के विभिन्न विभागों की 22 चिमनीयों को संक्षारण रोधी पेंट किया, जिससे उनकी सेवा अवधि में काफी सुधार हुआ।

## एंसीलरी एसोसिएशन बीएसपी के नए ईडी राकेश से मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अध्यक्ष दासगुप्ता ने किया एंसीलरी उद्योग भ्रमण का आग्रह

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल शनिवार को बीएसपी के नए ईडी वर्क्स राकेश कुमार मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया और नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का परिचय कराने के बाद उन्हें भिलाई नगर एवं यहां के एंसीलरी इंडस्ट्रीज के बारे में जानकारी दी। बताया कि मान्यता प्राप्त 147 एंसीलरी उद्योग कार्यरत हैं जो न केवल भिलाई स्टील प्लांट बल्कि पूरे देश के बड़े उद्योगों को कल पुर्जे की आपूर्ति करते हैं।

श्री दासगुप्ता ने एंसीलरी उद्योगों को सेल का बेस्ट एंसीलरी बताते हुए राकेश कुमार से एंसीलरी उद्योगों का दौरा करने का आग्रह किया। ईडी ने आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कियहां के उद्योग काफी विकसित हैं। वह एसोसिएशन के साथ मिलकर एंसीलरी उद्योगों की तरक्की के लिए काम करेंगे। उनके अधिकार क्षेत्र में जो भी होगा वह एंसीलरी के लिए जरूर सहयोग करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष शशि भूषण, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, मुख्य समन्वयक अवी सहगल,वरिष्ठ सदस्य डी आर राय चौधरी, सचिव रवि शंकर मिश्रा, वरुण घोष, ई एस राजीव एवं अशोक जैन आदि उपस्थित थे।

## ईपीएस-95 पेंशन में भेदभाव खत्म करें: सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ श्रम मंत्री से की त्वरित कार्रवाई की मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र के 16 हजार से अधिक पूर्व कर्मियों को उच्च पेंशन से लंबे समय से वंचित रखने के मुद्दे को लेकर, सांसद विजय बघेल ने श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से दिल्ली में मुलाकात की। सांसद ने ईपीएफओ रायपुर की /मनमानी/ और सुप्रीम कोर्ट के 4 नवंबर के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए तत्काल समाधान की मांग की। उच्च पेंशन से वंचित बीसपी के पूर्व कर्मी सांसद विजय बघेल से मिल कर ईपीएफओ रायपुर के ढुलमुल रवैये से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का अनुरोध किया था, । श्री बघेल ने इसे उच्च स्तर तक उठाने का आश्वासन दिया था। सांसद ने मंत्री को बताया कि ईपीएफओ रायपुर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार कर्मियों से15-30 लाख रुपए की अंतर राशि जमा करवाई, लेकिन बाद में यह राशि लौटा दी और पेंशन देने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसे कानून के पालन में बाधा और वरिष्ठ नागरिकों के साथ अन्याय करार दिया। उन्होंने सेल की अन्य इकाइयों में दी जा रही उच्च पेंशन से बीएसपी के कर्मियों क वंचित रखने के भेदभावपूर्ण रवैये से भी अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने समस्या के निदान का आश्वासन दिया है। विजय बघेल ने उनका आभार जता है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301




**आवश्यकता है**

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

दुर्ग शहर के लिये प्रसार विभाग में आवश्यकता है

स्वयं का वाहन आवश्यक

**प्रसार प्रतिनिधि 1 पद**

संपूर्ण बायोडाटा

Resume Email या Whatsapp करें

Cir.haribhoomi@gmail.com

8370049468

हरिभूमि कार्यालय

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 1 दिसंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



बिजनेस गेम-मैनेजमेंट में करियर की संभावनाओं पर दी जानकारी

लाइव इवेंट

## स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बने सूरज, उपाध्यक्ष विवेक





■ सामाजिक भवन में पूरी की गई निर्वाचन की प्रक्रिया

**भिलाई।** कनौजिया स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों का पिछले दिनों चुनाव हुआ। आम सहमति नहीं बनने के कारण वोटिंग की। इसमें अध्यक्ष सूरज स्वर्णकार निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष विवेक सोनी चुने गए। उनके अलावा सचिव सुनील स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष नरेश सोनी, सहसचिव अनिल सोनी निर्वाचित हुए। समाज के नवनीत सोनल सोनी ने बताया कि सभी मतदाताओं ने अपना कीमती समय निकालकर चुनाव की प्रक्रिया में योगदान दिया। वरिष्ठजनों ने हम सभी का उत्सवर्धन किया। बोधन लाल स्वर्णकार समाज के हित में मार्गदर्शक दिया। सलाहकार प्रहलाद स्वर्णकार के सहयोग से चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर सुरेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष भुवन स्वर्णकार, नंदू सोनी, सचिव कमल नारायण सोनी, पूर्व अध्यक्ष भिलाई 3 लवकुश स्वर्णकार, मोहित स्वर्णकार, बेमेतरा अध्यक्ष मनीष सोनी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। युवा चेतन मंच के प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. वीरेंद्र स्वर्णकार, गणेश सोनी, हसमुख सोनी, दुष्यंत सोनी ने सफल आयोजन किया। नवनीत सोनल सोनी ने कहा कि चुनाव में हार जीत लगा रहता है। आपने इस चुनाव प्रतिक्रिया में भाग लिया, इसके लिए समाज सभी का आभार व्यक्त करता है। ओम प्रकाश सोनी, विनोद स्वर्णकार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी सुरेश गिरीश स्वर्णकार ने दी।

सिटी इवेंट

## युवा विवेकानंद के विचारों का अनुसरण कर आगे बढ़ें: पांडेय





■ नारधा धमधा में सात दिवसीय शिविर का आयोजन, कई स्कूलों के प्राचार्य हुए शामिल

**भिलाई।** डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल द्वारा एनएसएस के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम नारधा धमधा में किया गया। शिविर के समापन समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पांडे मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने स्वयं सेवकों के अनुभव सुनें और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। डॉ. पाण्डे को अपने बीच पा कर स्वयं सेवक दो गुने उत्साह में भर गए। डॉ. पाण्डे ने मंच से युवाओं का आवाह्न किया कि वे विवेकानंद के विचारों का अनुसरण करें। उनकी तरह ही देश का गौरव बढ़ाने का प्रयत्न करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मंचस्थ शासकीय महाविद्यालय गुंडरदेही की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने स्वयंसेवकों को सदैव समाज सेवा करते रहने हेतु प्रेरित किया। नारधा सरपंच विपिन चंद्र शर्मा ने शासकीय महाविद्यालय महाविद्यालय जामुल को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने एनएसएस शिवर के लिए नारघा का चयन किया। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान की प्रशंसा की। आने वाले वर्षों में पुनः एनएसएस शिविर लगाने हेतु आमंत्रण भी दिया। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के प्राचार्य डॉ. रमाशंकर सिंह ने स्वयं सेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे घर की सुख सुविधाओं का त्याग करके इस गांव में सात दिनों तक अपनी सेवाएं दीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरके मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी गजेन्द्र कश्यप ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिविरार्थियों सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## पीएससी टॉपर नगपुरा के उत्तम महोबिया हुए सम्मानित



■ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**भिलाई।** समीपस्थ ग्राम नगपुरा के उत्तम महोबिया ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉप किया है। इसे लेकर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। युवा कांग्रेस की टीम ने भी हर्ष व्यक्त किया है। युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष धर्मेश देशमुख, मिनिकेतन यादव, किशोर पारकर, गोपी सिन्हा, अंकित सेन, डोमार देशमुख, खिलेश्वर यादव, जशवंत गोश्वामी, सुजीत देशमुख, आशीष देशमुख ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी कड़ी मेहनत, उचित शिक्षा और संस्कार का प्रतिफल है कि यह सफलता हासिल की। इस बड़ी कामयाबी के पीछे उनके माता-पिता के संस्कार को बताया गया है।

● एड्स दिवस विशेष : जागरूकता को लेकर आज जिले में अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम

# जिले में घटा एचआईवी का संक्रमण, दो साल में 73,531 की जांच में मिले 520 पॉजीटिव, 508 ले रहे एआरटी

**एक समय देश-दुनिया में तेज से फैल रहा एचआईवी का संक्रमण धीरे-धीरे कम हो चला है। इसे लेकर लोगों में जागरूकता आई है। पिछले दो साल में दुर्ग जिले में हेल्थ विभाग द्वारा 73531 लोगों की जांच की गई। इस जांच में सिर्फ 520 मरीजों की पहचान हुई है। इसमें भी 508 मरीज ऐसे हैं, जो पहले से एआरटी दवा ले रहे हैं। नियमित रूप से हेल्थ विभाग के वालेंटियर्स की निगरानी में हैं। साथ ही दवाओं का सेवन कर रहे हैं। इन दो सालों में सिर्फ 12 ऐसे मरीजों की पहचान हुई है, जिन्हें पहली बार आईडेंटीफाइ किया गया। समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाए जा रहे अभियान में इन मरीजों की पहचान हुई है। अब उनका इलाज भी शुरू कर दिया गया है।**

**भिलाई।** 1 दिसंबर को पूरा देश एड्स दिवस मनाने जा रहा है। इसे लेकर जिले में अलग-अलग जगहों पर एड्स जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दुर्ग जिला अस्पताल में भी कार्यक्रम की तैयारी की गई है। हेल्थ विभाग के अधिकारियों और लंबे समय से इस क्षेत्र में काम कर रहे एनजीओ के प्रतिनिधियों की मानें तो वर्ष 2020 के बाद एचआईवी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली थी।

इससे पहले वर्ष 2017, 2018, 2019 में यह संख्या कम होते गई है। इधर एचआईवी जांच व उसके नए मरीजों की संख्या में कम-ज्यादा पिछले कुछ समय से लगातार देखने को मिलते रही है। वर्ष 2020 से पहले के तीन वर्षों में जिला अस्पताल दुर्ग में 1029 मरीज मिले थे। लेकिन वर्ष 2023 और 2024 में अब तक सिर्फ 520 मामले सामने आए हैं। इस प्रकार एचआईवी संक्रमितों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। हेल्थ विभाग द्वारा अधिकृत की गई एनजीओ के माध्यम से ड्रग यूजर, विशेष रूप से नशे के लिए इंजेक्शन का उपयोग करने और सेक्स वर्करों की जांच में यह संक्रमित सामने आए हैं। जिले में इस समय 6 नॉन गवर्मेंट संस्थाएं इस काम में लगी हुई हैं। उनके द्वारा की एचआईवी संक्रमितों की पहचान कर हेल्थ विभाग को जानकारी दी जाती है। इसके बाद हेल्थ विभाग के वर्कर और वालेंटियर्स इन मरीजों का इलाज करते हैं। उन्हें एचआईवी से बचाव के बारे में जानकारी देते हैं। घर के अन्य सदस्यों की जांच करते हैं। पिछले करीब 18 सालों से यह कार्य किया जा रहा है।



### 60% पुरूष तो 40% महिलाएं इस बीमारी से संक्रमित

हेल्थ विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में अब तक जो पॉजिटिव केस मिले हैं, उसमें 60% पुरूष तो 40% महिलाएं हैं, जिनकी उम्र 25 से 49 वर्ष के बीच है। ज्ञात हो कि एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत करीब 42 एनजीओ को एचआईवी नियंत्रण के लिए जागरूकता लाने, स्क्रीनिंग, इलाज के लिए अस्पतालों तक ले जाने और दवाइयां बांटने की जिम्मेदारी दी गई है। एचआईवी की रोकथाम के लिए शासन हर साल करीब 30 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसमें करीब 1 करोड़ रुपए दुर्ग जिले में खर्च हो रहे हैं। इस राशि का उपयोग एनजीओ योजनाओं के प्रचार-प्रसार में किया जा रहा है।

### प्रदेश में हो चुकी 6573 से ज्यादा की मौत

प्रदेश में 2007 से अब तक एचआईवी पीड़ति 6573 लोगों की मौत हो चुकी है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से यौन संबंध बनाने, संक्रमित महिला से उसके बच्चे को संक्रमित खून चढ़ाने और एक बार इस्तेमाल की जाने वाली सुई को बार-बार उपयोग किए जाने से ही संक्रमण बढ़ता है। जानकारी के मुताबिक 2020 के बाद से मौत के आंकड़ों में कमी आई है। इसकी वजह से एड्स के प्रति लोगों की जागररुकता को माना जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए अभियान का असर हुआ है, जिसके कारण लोगों को एड्स के बारे में जानकारी हो चुकी है। वे इसे लेकर सावधान भी हुए हैं।

### दुर्ग जिले में पिछले दो सालों में एचआईवी संक्रमितों की संख्या

वर्ष 2023

| संस्था | जांच | पॉजीटिव | एआरटी |
|---|---|---|---|
| आईसीटीसी दुर्ग | 14097 | 209 | 207 |
| पीपीटीसीटी दुर्ग | 5783 | 23 | 23 |
| आईसीटीसी धमधा | 3221 | 16 | 13 |
| आईसीटीसी पाटन | 3506 | 12 | 12 |
| आईसीटीसी सुपेला | 7851 | 44 | 43 |
| एम आईसीटीसी दुर्ग- | 8035 | 14 | 14 |





वर्ष 2024

| संस्था | जांच | पॉजीटिव | एआरटी |
|---|---|---|---|
| आईसीटीसी दुर्ग | 10090 | 125 | 124 |
| पीपीटीसीटी दुर्ग | 5783 | 23 | 223 |
| आईसीटीसी धमधा | 2283 | 12 | 11 |
| आईसीटीसी पाटन | 1807 | 5 | 5 |
| आईसीटीसी सुपेला | 6242 | 24 | 24 |
| एम आईसीटीसी दुर्ग | 4833 | 12 | 9 |

## चेंबर ने बांटे नए सिक्के, बाजार में चिल्हर की किल्लत होगी दूर

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा नए सिक्कों का वितरण किया गया। व्यापारियों को यह सिक्के बांटे गए। इससे बाजार में चिल्हर की समस्या से मुक्ति मिलेगी। चेंबर के महामंत्री अजय भसीन ने वितरण को लेकर बताया कि बाजार में चिल्हर की दिक्कत को देखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के सौजन्य से एक, दो, दस और बीस कके नए सिक्के दुकानदारों को बांटे गए। भिलाई चेम्बर का प्रयास की चिल्हर की वजह से दुकानदार व ग्राहक में असंतोष की स्थिति निर्मित न हो इसलिए पहले करेंसी और चिल्हर नए सिक्के वितरण कराया गया। उन्होंने बताया कि इस सेवा का लाभ



छोटे व्यापारी ,फल व्यापारी, ठेले-खोमचे वाले व रिटेलर दुकानदारों को लाभ प्राप्त हुआ। सिक्का वितरण के दौरान पावर हाउस के छोटे व बड़े व्यापारियों ने अपनी अपनी आवश्यकता अनुसार सिक्के व 50 की करेंसी ली। सिक्का वितरण राम ओबेरॉय के प्रयास से बैंक ऑफ बड़ौदा से पंकज साहू के नेतृत्व में बैंक की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखराज ओस्तवाल, अमर शिवानी, अब्बास भाई, नरेश छाबड़ा, गोपी परप्यानी, प्रेम ठकवानी, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव सहित अन्य मौजूद थे।

## आंबेडकर अवार्ड से नवाजे गए हरीश साहू से विधायक अनुज ने की मुलाकात



**भिलाई।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पाटन के ग्राम उरला से हरीश साहू को समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रो में अग्रणी रहते और सृजनात्मक का प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया है। शिक्षा, कला, साहित्य, खेल, बीमा, नशाबंदी, ग्रामोंउत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास की आवश्यकताओं में योगदान के लिए उन्हें बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2024 से नवाजा गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत न्यायाधीश मात्रे, अध्यक्ष सुशीला वाल्मिकी, राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक संजय मैथिल, छन्नूलाल बंजारे, नितिन पोटाई, गोकुल बंजारे आदि मौजूद थे। सम्मान मिलने के बाद हरीश साहू विधायक और फिल्म अभिनेता अनुज कुमार से मिले। जहां अनुज कुमार ने उन्हें बधाई दी।

श्री राधा-कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में किया गया आयोजन

## शिक्षा, योग, आध्यात्म से बौद्धिक विकास, बच्चों को परखने हुई पेंटिंग स्पर्धा, ड्राइंग के जरिए उकेरी प्रतिभा

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** पिछले दो वर्षों से गुरुकुल परिवार द्वारा 5 से 18 तक के बच्चों को बौद्धिक विकास की निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है। इसके अंतर्गत योग, आध्यात्म की भी जानकारी दी जा रही है। ताकि बच्चों का बौद्धिक स्तर बेहतर हो सके और 18 से 30 वर्ष तक उम्र तक पहुंचते तक वे विद्वान हो सकें। इसे लेकर गुरुकुल परिवार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में श्री राधा कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 5वर्ष से 18 वर्ष के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। इसमें बच्चो ने अपने मन में चल रहे विचारों को कागज में उकेरने का काम किया। गुरुकुल द्वारा ये प्रतियोगिता आयोजित कर उनके मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया गया। बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा पेंटिंग में उकेरी, जिसे सम्मानित किया गया।











### बच्चों में छिपी कला, भाव और विचारों को सामने लाने प्रतियोगिता

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष शर्मा, श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के संरक्षक चतुर्भुज राठी, हेमंत टावरी, संजय अग्रवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, रूपा शर्मा, सुकृति ठाकुर, श्वेता अग्रवाल, मेघा राठी, पूनम यादव, अनुज अग्रवाल, मनोज राठी, रामदेव टावरी, रेणु, खिलेश्वरी साहू सहित अन्य मौजूद थे। गुरुकुल परिवार के सदस्यों ने बताया कि बच्चों में छिपी कला, भाव और विचारों को सामने लाने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार में भी आयोजन की तैयारी

कार्यक्रम प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि इस ड्राइंग प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कला को निखारने के साथ साथ उनके मन में चल रहे भाव एवं विचारों को सामने लाना है। उन्होंने बताया कि ऐसा एक ओर आयोजन आगामी दिनों में गुरुकुल द्वारा श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार में कराया जाएगा। यहां भी बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए नियमित रूप से क्लास लगाई जा रही है। इसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं। संस्कृत और वैदिक शिक्षकों द्वारा उन्हें सनातन परंपरा की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## सिटी इवेंट

# आयुष्मान कार्ड बनाने मितानिनें घर-घर देंगी दस्तक, दिया प्रशिक्षण




**भिलाई।** 70 प्लस वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम भिलाई क्षेत्र में निरंतर चल रहा है। अभी तक 900 से अधिक 70 प्लस के बुजुर्ग व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसको और गति देने के लिए नगर निगम भिलाई की सभागार में मितानिने, ट्रेनर एवं मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर की गई की ट्रेनिंग आयोजित की गई। उन्हें बताया गया कैसे हम मोबाइल के माध्यम से रजिस्टर्ड करने के बाद हितग्राहियों को घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। 70 प्लस आयुष्मान कार्ड सभी वर्ग के लोगों का बन रहा है, इसमें 5 लाख तक का नेशनल चिकित्सा बीमा प्रदान किया जाता है। आयुष्मान कार्ड द्वारा शासन द्वारा निर्धारित प्रमुख अस्पतालों में निशुल्क इलाज करवाया जा सकता है। ट्रेनिंग के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि सबसे पहले अपने घर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाना शुरू करें। फिर उसके बाद अपने आस-पड़ोस, मोहल्लो के घर-घर जाएं आयुष्मान कार्ड बनाएं, हमारे नगर निगम में 26000 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए इस कार्य में शीघ्रता लाना है और निर्धारित अवधि के अंदर हम सभी को अपने लक्ष्य को हासिल करना है। इस कार्य के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने आवाहन करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा बहुत ही अच्छी योजना लाई गई है। सभी बुजुर्गों के बहुत उपयोगी है इस योजना से 70 प्लस के बड़े बुजुर्गों को इलाज में बहुत लाभ मिलेगा। हम लोग वार्डों में शिविर लगाकर घर घर जाएंगे। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनवाने भिलाई नगर के निवासियों से अपील है कि अपने घर के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। प्रशिक्षण के दौरान समन्वयक देवेश त्रिवेदी, अमन पटले सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

■ 70 प्लस बुजुर्गों को मिलेगा 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस




● कार्तिक दीपोत्सव में सैकड़ों दीयों की रोशनी से जगमगाया बालाजी मंदिर

# हनुमंत, शेष व गरुड़ वाहन की आराधना कर जलाए 365 दीप, कार्तिक दीपोत्सव रोशनी से जगमागा उठा परिसर





**भिलाई।** आंध्रवासियों के लिए कार्तिक मास बहुत ही पवित्र माना जाता है। पूरे कार्तिक मास हर घर और मंदिर पूजा-पाठ से जगमगा उठता है और भक्ति से भरपूर वातावरण रहता है। इस महिने भक्तजन दीप अराधना करते हुए आध्यात्मिक भावना में डूबे रहते है। बहुत से भक्त अपने घर पर आए लोगो को अन्नदान कर प्रभु सेवाभाव से जन सेवा करते है। बालाजी मंदिर में आंध्र महिला मंडली के तत्वावधान में दक्षिण भारतीयों का प्रमुख त्यौहार कार्तिक दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आंध्र साहित्य समिति के सहयोग से आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस उत्सव में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इनमें न केवल आंध्रभाषी महिलाएं, बल्कि अन्य प्रांतों की महिलाएं भी थी। इस उत्सव में पुरुषों की तादाद भी अच्छी खासी रही। पंडित गोपालाचारी के नेतृत्व में सनातन विधि विधान से शाम को लगभग छह बजे कार्तिक दीपोत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान मंदिर के कपाट खुले रहे, ताकि भक्तगणों को भगवान बालाजी का दर्शनलाभ मिल सके। बालाजी मंदिर में महिला मंडली हर साल कार्तिक माह में दीपोत्सव आयोजित करती है।

### ध्वजस्तंभ पर आकाशदीप प्रज्वलित कर किया रौशन

सबसे पहले मुख्य मंदिर और गोपुरम के मध्य में स्थित ध्वजस्तंभ की वैदिक मंत्रों के बीच पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद ध्वजस्तंभ पर कार्तिक मास का मुख्य दीपक आकाशदीप को प्रज्वलित किया गया। आकाशदीप के प्रज्वलन के पश्चात ध्वजस्तंभ के सामने कार्तिक दीप जलाकर दीपोत्सव का विधिवत आरंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने देवी लक्ष्मी की पूजा कर अपनी और परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना भी की। लक्ष्मी पूजन के उपरांत पंडित ने यजमानों से नवनिर्मित शीशालय में स्थापित हनुमंत वाहन, शेष वाहन तथा गरुड़ वाहन की आराधना कराई। इसके बाद यजमानों ने शीशालय के सामने निर्मित स्टैंड में साल के 365 दिनों के प्रतीक के रूप में रखे इतने ही दीये प्रकाशित किए। उधर मंदिर प्रांगण में बेसब्री से इंतजार कर रहीं महिलाओं ने पांच सौ से ज्यादा दीप जलाए, जिनकी रोशनी से सारा मंदिर परिसर जगमगा उठा।

**इनकी रही खास मौजूदगी:** दीपोत्सव में आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, सह सचिव बीए नायडु एवं एनएस राव, प्रबंधकारिणी सदस्य के लक्ष्मीनारायण, तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवुलु, जिलाध्यक्ष डी मोहन राव, मीडिया प्रभारी टी सहदेव, जी रामाराव, महिला मंडली की अध्यक्ष पेरी पद्मा, समाजसेविका बी पोलम्मा, पी मंजूश्री, नीलम माला, अनंत लक्ष्मी, तृप्ति लक्ष्मी, पावनी मोहन, वर लक्ष्मी, नागकुमारी, विजया निर्मला, सरस्वती, शशि, महेश्वरी, राजलक्ष्मी, बी तुलसी, श्यामला, हैमावती, पूनम, विमला, शिव कुमारी, विजया, लक्ष्मी, पद्मजा, ज्योति महेश, राजकुमारी, महालक्ष्मी, नारायणी, मीना, आदि तथा देवकी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।



## जागरूकता लाइव

# दैनिक भोजन में बाजरा को शामिल करने लगाया मेला, बताए फायदे



**भिलाई।** दैनिक भोजन में बाजरा सेवन के पोषण और पर्यावरणीय लाभ के बारे में सार्वजनिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अन्न योजना के तत्वावधान में बाजरा संवर्धन मेला लगाया गया। जिसमें मिलेट्स अनाज बाजारा के विभिन्न व्यंजनों और उसके फायदों को बताकर लोगो को जागरुक किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) यूनिट बीएसपी भिलाई ने एक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में रोजमर्रा के आहार में बाजरा को शामिल करने को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को बाजरा संवर्धन मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन पवन कुमार ईडी एचआर, प्रतिभा अग्रवाल, डीआइजी बीएसपी और अन्य सीआईएसएफ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न काउंटरों पर विभिन्न प्रकार के बाजरा आधारित उत्पादों, व्यंजनों और आकर्षक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें खाना पकाने का प्रदर्शन, खाने के लिए तैयार बाजरा उत्पादों का प्रदर्शन और बाजरा के लाभ और पोषण मूल्य पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस मेले में भिलाई महिला समाज, एफसीआइ (भारतीय खाद्य निगम), एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), कृषि विभाग छत्तीसगढ़ राज्य, इसके अलावा आसपास की सीआईएसएफ इकाइयों के अधिकारी प्रमुख प्रतिभागियों के रुप में शामिल हुए। श्री अन्न योजना के तत्वावधान में की गई पहल का उद्देश्य दैनिक भोजन में बाजरा के सेवन के पोषण और पर्यावरणीय लाभों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को प्रतिभागियों ने खूब सराहा और बाजरा को एक बहुमुखी, टिकाऊ भोजन विकल्प के रूप में बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

■ सीआईएसएफ यूनिट ने बाजरा प्रोत्साहन मेला का किया आयोजन

## आयोजन...

# नवगठित पदाधिकारियों ने ली शपथ, परिषद के माध्यम से होगा विभागीय गतिविधियों का संचालन



**भिलाई।** विद्यार्थियों में आत्मानुशासन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको भिलाई में वाणिज्य एवं प्रबंधन परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर उपलब्धियां की नींव-तनाव प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन भी किया गया था। इस दौरान पीजी कल्याण कॉलेज कॉमर्स विभागाध्यक्ष पी एस शर्मा और प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शर्मिला सामल ने बताया कि परिषद का गठन विद्यार्थियों को समूह में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करना है। परिषद के सदस्य एवं विभागीय गतिविधियों का संचालन करेंगे व शिक्षक उन्हे मार्गदर्शन देंगे इससे विद्यार्थियों में आत्मानुशासन की भावना विकसित होगी। नवगठित पदाधिकारियों को नाम, पदनाम का बैच लगाया गया। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने नवगठित परिषद के सदस्यों को पद की शपथ दिलाई व कहा अपनी प्रतिभाओं को तराशे और आत्मविश्वास से काम करें। डॉ. पी. एस. शर्मा ने कहा कि कई छात्र तनाव के कारण टॉपर बनने के बाद भी आत्महत्या कर रहे हैं, इसलिए हमें पढ़ाई में ज्यादा तनाव न लेते हुए हमें सिर्फ 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। हमें हमेशा अपने माता-पिता की बात सुननी चाहिए क्योंकि वे कभी नहीं चाहते कि हम हारें वे चाहते हैं कि हम सफल हों। आज जो क्लब बने है उसके माध्यम से आप अपने आईडिया को लोगो तक पहुंचाए और आगे बढ़ते हुए अपने जीवन में रंग भरे। उन्होंने किताबी कीड़ा न बनने की सलाह देते हुए कहा पुस्तक के ज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने की बातें कही। नवगठित पदाधिकारियों वाणिज्य परिषद् अध्यक्ष पल्लवी ठाकुर, उपाध्यक्ष वेदिका लाड, सचिव आशीष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव मोनल साहू, कोषाध्यक्ष मो.नवाज खान, एकेडमिक क्लब आयुषी, नंदिनी कर, आदित्य पांडे, कल्चरल और क्रिएटिविटिव क्लब पायल वर्मा, अंश उईके, भूमिका जैन, चयन ठाकुर, इंटरप्रेन्योरशिप क्लब साहिल काटझोरी, लाक्क्षी, चाहत सिंह, डॉली चंद्राकर, प्रबंधन परिषद अध्यक्ष नैल्सी जैन, उपाध्यक्ष शेफाली राजपूत, सचिव अनुष्का सैमुअल, संयुक्त सचिव शेख अनस सहित अन्य विद्यार्थियों ने पद के जिम्मेदारी की शपथ ली।

■ स्वरूपानंद महाविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की पहल

## कन्या महाविद्यालय में मैनेजमेन्ट पर कार्यशाला

# बिजनेस गेम-मैनेजमेंट में कॅरियर की संभावनाओं पर दी जानकारी



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के प्रबंधन विभाग द्वारा छात्राओं के व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए बिजनेस गेम और मैनेजमेन्ट विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्राओं को कुछ व्यासायिक परिदृयों का अवलोकन कर उन गतिविधियों के आधार पर व्यासायिक मोलभाव करने का तरीका सिखाया गया।

जो कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भी था।कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे जोश एवं उत्कृष्ठता के साथ भाग लिया एवं अपनी कमियों एवं गुणों को समझ कर निर्णय क्षमता का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रत्येक टीम में चार प्रतिभागी थे। जहां उनको पर्ची निकाल कर एक व्यवसाय चुनकर उससे एक समान गतिविधि का मोलभाव लेन-देन सामने वाली टीम से करना था।सभी टीम के एक-एक प्रतिभागी सभी राउंड में आकर एक दूसरे से मोलभाव कर अपने बिजनेस से जुड़ी वस्तुओं को खरीद अपने को सफल बनाने का प्रयास किया।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यासायिक गतिविधियां आज हमारे प्रतिदिन व्यवहार का एक हिस्सा बन चुकी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं के कौशल को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक बीबीए विभाग डॉ. वैभव शंकर सोनी द्वारा किया।

## शिविर

# भिलाई-3 में आयुष स्वास्थ्य मेला कल



**भिलाई।** एक दिवसीय निशुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 2 दिसंबर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक भिलाई-3 स्थित संतोषी मंदिर के पीछे, दुर्गा मंच, बीएसपी सोसाइटी के पास आयोजित है। इसमें आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं युनानी, चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा परामर्श एवं औषधीयों का वितरण किया जाएगा। मेले में विशेष रूप से सभी प्रकार के रोगी जैसे मधुमेह उच्च रक्तचाप, सर्दी, खांसी, बुखार, खून, महिला एवं बच्चों से संबधित रोगों की निशुल्क जांच और दवाओं का वितरण किया जाएगा। आयुष स्पेस्लिटी क्लीनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी ने बताया कि मेले में विशेष रूप से योग चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा रक्त परीक्षण मधुमेह (शुगर), होमोग्लोबीन, सिकलिन आदि का होगा। स्वास्थ्य वर्धक आयुर्वेद काढ़ा का वितरण एवं नेत्र परीक्षण भी किया जाएगा।

## लखपति दीदी योजना से महिलाएं बन रही है सफल व्यवसायी

# आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर मिला टेंडर, आर्थिक स्थिति में आया बड़ा सुधार, समूहों को दे रही प्रशिक्षण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान, आर्थिक लाभ एवं आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए महतारी वंदन योजना और लखपति दीदी योजना जैसी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। जहां एक तरफ महिलाएं महतारी वंदन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी जरूरतों को पूरी कर रही है वहीं दूसरी ओर लखपति दीदी योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। जब महिलाएं आगे बढ़ेगी तभी देश और समाज का विकास होगा।दुर्ग जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत नगपुरा निवासी सरस्वती सिन्हा को हाल ही में दुर्ग में आयोजित लखपति दीदी महिला सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उनकी यह उपलब्धि ग्रामीण महिलाओं के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है।



### सरस्वती सिन्हा बनी गृहणी से सफल व्यवसायी

उन्होंने बताया कि वह पहले घरेलू महिला थी। घर के कामों में ही व्यस्त रहती थी। आज सरस्वती जय मां लक्ष्मी सेवा स्व सहायता समूह से जुड़कर सिलाई कार्य में स्वयं प्रशिक्षित होकर अन्य समूहों को भी प्रशिक्षित कर रही है। समूह में कुल 10 लोग है, जिसकी वे अध्यक्ष है। समूह के अन्य सदस्य भी गृहिणी है, जो मुख्य रूप से घरेलू कामों और मजदूरी कार्य में शामिल थी। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरस्वती और साथियों ने मिलकर सशक्त और आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ निश्चय किया।

### पार्लर और सिलाई से कमा रही 13 हजार, सुधरी स्थिति



श्रीमती सिन्हा के दृढ़ निश्चय का ही फल है कि वह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर ब्यूटी पार्लर व सिलाई कार्य में लगी हुई है। जिला प्रशासन तथा जनपद पंचायत के सहयोग व मार्गदर्शन से सरस्वती को सिलाई का टेण्डर मिलने लगा है। सरस्वती वर्तमान में ब्यूटीपार्लर का काम कर प्रतिमाह औसतन 6 हजार रूपए आय का सृजन कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। प्रारंभिक कठिनाईयों से अब निजात मिल चुकी है। इन गतिविधियों से लगभग 13 हजार रूपए की आमदनी हो रही है। जिले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं लखपति दीदी योजना के माध्यम से न केवल अपना व्यवसाय शुरू कर रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी सुधार रही हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मुश्ताक अली ट्रॉफी में कप्तान अमनदीप के शानदार 62 रन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 विगत 23 नवंबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा टी-20 मैच 29 नवंबर को विशाखापटनम में चंडीगढ टीम के विरुद्ध खेला गया। चंडीगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 176 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने 62 रन तथा शशांक सिंह ने 33 रनों की पारी खेली। अमनदीप ने संजित देसाई के साथ 53 रन तथा प्रतिक यादव के साथ 41 रनों की साझेदारी की। जिसकी सहायता से टीम ने खराब शुरूवात से उबरते हुये सम्मानजनक स्कोर बनाया। चंडीगढ की ओर से जगजीत सिंह संधु ने 5 विकेट तथा निशुंक बिरला ने 2 विकेट प्राप्त किये। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ की टीम ने मात्र 16.4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 177 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। चंडीगढ की ओर से अर्सलान खान ने 107 रन तथा शिवम ने 62 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 1 विकेट प्राप्त किया। चंडीगढ़ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### तैराकी बैकस्ट्रोक व बटरफ्लाई में यश ने जीते तीन गोल्ड



**रायपुर।** ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी तैराकी स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की ओर से इंटर जोन तैराकी ट्रायल रायपुर मे आयोजित किया गया। जिसमें लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बिलासपुर के तैराक यश तिवारी ने तीन गोल्ड मेडल जीते। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि 50,100 मीटर बैकस्ट्रोक व 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट मे गोल्ड मेडल जीतकर विश्वविद्यालय की तैराकी टीम में यश चयनित हुए है। इनके गोल्ड मेडल जीतने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय आदि ने हर्ष जताया है।

### अयान ने सात विकेट झटकते हुए कवर्धा को धकेला बैकफुट पर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच कवर्धा के विरुद्ध भिलाई के कल्याण कॉलेज में खेला जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 187 रन बनाये। जवाब में कवर्धा ने पहले दिन का खेल खेलते हुए बिना विकेट खोए 120 रन बना लिए थे। 29 नवंबर को दूसरे दिन का खेल खेला गया और कवर्धा टीम आगे खेलते हुए 59.5 ओवर में मात्र 30 रन ही जोड़ पाई और 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । कवर्धा के सभी 10 विकेट मात्र 30 रन ही जोड़ सके. बिलासपुर के अयान उपाध्याय की घातक और शानदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। कवर्धा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रारंभिक बल्लेबाज ने दहाई का आंकड़ा पार किया जिसमे प्रथम त्रिपाठी ने 56 और श्री चंद्रवंशी ने 59 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए अयान उपाध्याय ने 17.5 ओवर में 27 और देकर 7 बहुमूल्य विकेट प्राप्त किया। इसके अलावा कासिम मोहम्मद ने तीन विकेट लिए।बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी में 37 रनों की बढ़त बनाई। दूसरी पारी खेलते हुए बिलासपुर ब्लू की टीम 61.3 ओवर में 9 विकेट खोकर 268 रन बना लिए हैं और पारी घोषित कर दिए और 305 रनों की बढ़त बना लिए। बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विशेष सिंह ने सबसे अधिक और तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 70 गेंदों में 79 रन बनाए। कप्तान ऋषभ शर्मा ने 50 रन, वरुण प्रजापति ने 33 रन, जयंत यादव और आकाशदीप सिंह ने 24 24 रन का योगदान दिया।कवर्धा की ओर से गेंदबाजी करते हुए सैयद सीजन अली ने चार विकेट, ओम कोसले और भरत भीलथरे ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। कवर्धा ने 306 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 ओवर में दो विकेट खोकर 17 रन बना लिए हैं। जिसमें प्रथम त्रिपाठी नाबाद 8 रन पर और आदित्य चंद्रवंशी 8 रन पर खेल रहे हैं । बिलासपुर ब्लू की ओर से दोनों ही विकेट उत्कृष्ट तिवारी को प्राप्त हुआ। कवर्धा को तीसरे दिन जीत के लिए 289 रन और बनाने होंगे। मैच के निर्णायक राणा प्रताप सिंह और सुनील डड़सेना है। स्कोरर विनोद देवघरे और आयुष ठाकुर हैं। मैच के ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना है। बिलासपुर ब्लू टीम के कोच सुशांत शुक्ला है।

### कूच बेहार ट्रॉफी में गोवा के विरुद्ध मजबूत स्थिति में छत्तीसगढ़



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने गोवा के विरुद्ध टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 82.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 221रन बनाये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से वैदिक मधुकर ने शानदार 74 रन बनाये तथा टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उनके अतिरिक्त आदित्य अग्रवाल ने 36 नाबाद रन तथा विवेक यादव ने 24 रन बनाये।

---

**मानसिक सेहत पर भी पड़ता है गठिया का असर, अपनाएं उपाय**

# सर्दियों में अक्सर बढ़ जाती है गठिया की परेशानी इन तरीकों को अपनाकर पाएं दर्द से भरपूर राहत

सर्दी आते ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं अधिक होने लगती हैं, जिनमें गठिया यानी अर्थराइटिस प्रमुख है। इसमें भी रूमेटाइड अर्थराइटिस सर्दियों में ज्यादा पीड़ादायी हो जाती है। इसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वस्थ जोड़ों पर हमला करती है, जिस कारण सूजन, दर्द और जकड़न जैसी समस्याएं होने लगती हैं। दरअसल, ठंड के मौसम में रक्त संचार कम होने लगता है और मांसपेशियों में खिंचाव बढ़ जाता है, खासकर जो महिलाएं अक्सर ठंडे पानी में काम करती हैं। गठिया का दर्द न केवल शारीरिक रूप से महसूस होता है, बल्कि इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सर्दियां दस्तक दे चुकी हैं, इसलिए आपको इस दर्द से निपटने के तरीकों पर गौर करना चाहिए।



### गर्माहट की जरूरत

इस समय जब वातावरण में हल्की ठंडक महसूस होने लगी है तो आप हल्के गर्म कपड़ों का चुनाव करें, साथ ही घर के भीतर के तापमान को भी स्थिर रखें। सर्दियों में गरम पानी से नहाने से रक्त संचार में सुधार होता है और मांसपेशियों को भी काफी आराम मिलता है।

### सही खान-पान

आहार में ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। भोजन में मछली, अखरोट, अलसी जैसे हेल्दी फूड शामिल करने से शरीर में मौजूद सूजन को कम करने में मदद मिलती है। वहीं सर्दियों में पानी की मात्रा कम हो जाती है, लेकिन हाइड्रेट रहना और सही मात्रा में रोजाना पानी पीना जरूरी है। हाइड्रेट रहने से शरीर के जोड़ों में लुब्रिकेशन बना रहता है और गठिया की समस्या से राहत मिलती है।

### नियमित व्यायाम

हल्की-फुल्की एक्सरसाइज, जैसे कि योग, फंक्शनल ट्रेनिंग या स्ट्रेचिंग करने से जोड़ों में लचीलापन आता है। यह दर्द को कम करने और जोड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यदि आपकी परेशानी ज्यादा बढ़ गई है तो आप फिजियोथेरेपी या मसाज का सहारा ले सकती हैं। इससे जोड़ों की गति बढ़ती है और मालिश से मांसपेशियों में तनाव कम होता है।

### आराम और जरूरी दवाएं

अगर आपको ज्यादा दर्द महसूस हो रहा है तो आराम करें। ज्यादा दौड़-भाग वाला काम न करें। भारी काम करने से बचें और नियमित ब्रेक लेती रहें, क्योंकि दर्द में काम करेंगी तो समस्या अधिक बढ़ सकती है।



### मानसिक स्वास्थ्य



गठिया की समस्या भारत के लगभग हर घर में देखी जाती है। ऐसे में ठंड के दिनों में गठिया रोगियों के लिए खुद की केयर करने के साथ ही मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है।

---

# पाचन समेत कई परेशानियों को दूर करने कपालभाति लाभकारी



योग शरीर को स्वस्थ रखने का एक लाभकारी तरीका है। योगासन के नियमित अभ्यास से न केवल शरीर, बल्कि मानसिक सेहत भी दुरुस्त रहती है। यानी योगासन शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत के लिए लाभदायक माना जाता है। कई तरह की बीमारियां हमारे शरीर और मस्तिष्क को प्रभावित करती हैं। जैसे अलग अलग दवाएं अलग अलग बीमारियों से छुटकारा दिलाती हैं, वैसे ही अलग अलग योगासन कई बीमारियों से बचाते हैं। हालांकि अगर किसी एक योग से कई सारे स्वास्थ्य लाभ का अपेक्षा करते हैं, तो प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। प्राणायाम शरीर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। हार्मोन्स को संतुलित रखने, रक्त परिसंचरण को बढ़ावा देने और शारीरिक समन्वय को बेहतर बनाने में कई तरह के प्राणायाम के अभ्यास को लाभदायक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, कपालभाति प्राणायाम का रोजाना अभ्यास करने से किडनी-लिवर की सेहत पर भी अच्छा असर पड़ता है। अगली स्लाइड्स में जानें कपालभाति प्राणायाम के अभ्यास का स्वास्थ्य लाभ और कपालभाति करने की पूरी प्रक्रिया।



### कैसे करते हैं कपालभाति प्राणायाम?

कपालभाति करने के लिए पद्मासन में बैठकर दोनों हाथों से चित्त मुद्रा बना लें। गहरी सांस अंदर की ओर लेते हुए झटके से सांस छोड़ें। इस दौरान पेट को अंदर की ओर खींचें। अगर आप कपालभाति करने की शुरुआत कर रहे हैं तो 5-10 मिनट ही अभ्यास करें और समय के साथ अभ्यास को बढ़ाएं।

### कपालभाति प्राणायाम के फायदे

इस योग के अभ्यास से रक्त में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है। सांस के इस योग से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और फेफड़े मजबूत होते हैं। शरीर में विषाक्त और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को निकालने में कपालभाति मदद करता है। कपालभाति का नियमित अभ्यास पित्त के स्तर को नियंत्रित रखने और मेटाबॉलिज्म दर को बढ़ाने में सहायक है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने और स्मृति व एकाग्रता शक्ति में सुधार के लिए ये योगासन लाभकारी है।

कपालभाति के अभ्यास से चिंता और तनाव दूर होता है। त्वचा को सेहतमंद और चमकदार बनाने के लिए भी कपालभाति लाभकारी है। जिन लोगों को अस्थमा और साइनस की समस्या है, उन्हें इन बीमारियों से छुटकारा दिलाने के लिए भी कपालभाति का नियमित अभ्यास फायदेमंद है। पेट की कई दिक्कतों जिसमें पाचन संबंधी समस्याओं में सुधार भी शामिल है, को दूर करने में कपालभाति का अभ्यास लाभदायक हो सकता है।



---

# सर्दी-जुकाम से राहत दिलाएगा खास सूप, रेस्टोरेंट स्टाइल में करें तैयार



सर्दियों के मौसम में ज्यादातर लोग सर्दी-जुकाम से पीड़ित रहते हैं। जुकाम और खांसी की वजह से पूरा शरीर टूटने लगता है। ऐसे में इस मौसम में अपने खान-पान में बदलाव करना बेहद जरूरी हो जाता है। सर्दियों के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए गुड़ और गुड़ बने पकवान काफी फायदा करते हैं। इसके साथ-साथ इस मौसम में सूप पीने से शरीर को काफी राहत मिलती है।

टमाटर का सूप बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले टमाटरों को अच्छे से धो लें। फिर, टमाटरों को छोटे टुकड़ों में काट लें। यदि आप सूप को और स्मूद रखना चाहते हैं, तो आप टमाटरों का छिलका हटा सकते हैं। इसके साथ ही तुलसी के पत्तों को भी सही से धो लें, वरना मिट्टी के स्वाद से सूप का स्वाद बिगड़ जाएगा।

अब एक कढ़ाई या पैन में घी या तेल गरम करें। इसमें जीरा डालकर उसे चटकने दें। फिर, अदरक का पेस्ट डालकर कुछ सेकंड भूनें। अब इसमें टमाटर डालें और हल्का सा भून लें। इसके बाद हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालें। फिर थोड़ी देर तक टमाटर को मसालों के साथ पकने दें, जब तक वह नरम न हो जाएं।

अब इसमें एक कप पानी डालें और तुलसी के पत्ते भी डालें। इस मिश्रण को कुछ देर तक उबलने दें। जब सूप उबालने लगे, तो आंच को धीमा कर दें और 5-7 मिनट तक पकने दें ताकि सारे स्वाद अच्छे से मिल जाएं।

आप चाहें तो इसे छान भी सकते हैं। अब सूप तैयार है। आखिर में इसपर हरी धनिया की पत्तियां छिड़ककर बाउल में निकालें और गरमागरम परोसें। तेज जुकाम और खांसी के बीच ये सूप आपके शरीर को गर्माहट पहुंचाएगा।

---

# धन और समृद्धि को आकर्षित करने के लिए अपनाएं जरूरी वास्तु टिप्स

जल, अग्नि, आकाश, वायु और पृथ्वी के पांच तत्वों के साथ सद्भाव में रहना वास्तु शास्त्र द्वारा अत्यधिक मूल्यवान है। ब्रह्मांड में सभी दिव्य ऊर्जा का प्रतिनिधित्व इन तत्वों द्वारा किया जाता है। चूंकि पैसा कमाना हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, यह इन सभी कारकों के संतुलन पर निर्भर करता है। वास्तु शास्त्र व्यवस्था बनाए रखने और अव्यवस्था-मुक्त घर की आवश्यकता पर जोर देता है। आपका निवास सभी अच्छी ऊर्जा का भंडार होना चाहिए जिसमें भौतिक, भावनात्मक और सर्वांगीण समृद्धि शामिल है। अपने रहने के क्षेत्र में सादगी अपनाकर आप सहजता से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं।

आपके घर के मुख्य प्रवेश द्वार में मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत और आध्यात्मिक माहौल होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि दरवाज़ों में कोई दरार न हो और दरवाज़ों पर लगे ताले ठीक से काम करें। अन्य वास्तु धन-बचत सलाह में आपके सामने के दरवाजे पर विंड चाइम्स, पौधे और नेमप्लेट लगाना शामिल है।



अच्छे धन लाभ के लिए अपने घर में फव्वारे या एक्वैरियम के लिए जगह बनाएं। धन के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए इन सामानों को घर के उत्तर-पूर्व कोने में रखना चाहिए। ध्यान रखें कि पानी का प्रवाह और स्वच्छता महत्वपूर्ण तत्व हैं जिनकी नियमित रूप से जांच और रखरखाव की आवश्यकता होती है। इन्हें नजरअंदाज करने से वित्तीय सफलता में बाधाएं आ सकती हैं।

रसोई, बाथरूम या अन्य स्थानों से पानी के रिसाव को तुरंत ठीक किया जाना चाहिए। पानी के रिसाव को नज़रअंदाज करना, चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान का कारण बन सकता है।

घर में पौधे रखना इसे और अधिक खुशहाल बनाने का एक शानदार तरीका है। वास्तु शास्त्र के अनुसार विभिन्न पौधों का अलग-अलग महत्व होता है। कहा जाता है कि कुछ पौधे धन और धन को घर में खींचते हैं। इन पौधों में मनी प्लांट, बांस का पौधा और रबर का पौधा शामिल हैं। हालाँकि, इन पौधों को घर के अंदर लाते समय उनकी स्थिति और अभिविन्यास पर ध्यान देना ज़रूरी है।

पेंटिंग्स अक्सर घरों को खूबसूरत और आशावादी बनाती है। धन और प्रचुरता को बढ़ावा देने के लिए, वास्तु शास्त्र घरों में विशिष्ट प्रकार की पेंटिंग लगाने पर जोर देता है। सात घोड़ों की पेंटिंग धन आकर्षित करती है।

---

**कार्नर न्यूज**

**सुबह का नाश्ता माना जाता है सेहत के लिए गुणकारी**

# सुबह भरपेट नाश्ता करने से कई बीमारियों का जोखिम होता है कम, तंदुरुस्ती रहेगी बरकरार

*सेहत के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी है। पौष्टिक आहार शरीर के लिए जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी समय पर खाद्य पदार्थों का सेवन भी है। सुबह दफ्तर की भाग दौड़ में अक्सर लोग नाश्ता करना भूल जाते हैं। कई लोगों को सुबह नाश्ता करने की आदत ही नहीं होती। ऐसे में व्यस्त लाइफस्टाइल और सही खान पान न होने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। अक्सर घर के बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी होता है। घर से कुछ खाकर ही निकलना चाहिए। लेकिन सुबह नाश्ता करना क्यों जरूरी है या घर से खाकर निकलने के पीछे की वजह क्या है, इस बारे में लोग सही सही नहीं जानते। चलिए जानते हैं कि सुबह भरपेट नाश्ता करने का क्या लाभ हैं।*



### सुबह नाश्ता करने के लाभ

**स्वस्थ हृदय के लिए :** अध्ययन के मुताबिक, नाश्ता नहीं करने से आपका वजन अधिक हो सकता है। वजन बढ़ने से उच्च कोलेस्ट्रॉल और उच्च रक्तचाप की समस्या हो सकती है, जो हृदय रोग का कारण बन सकता है।

**टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम:** नियमित नाश्ता करने से डायबिटीज से दूरी बनाए रखी जा सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जो लोग नियमित रूप से नाश्ता करते हैं, उनमें डायबिटीज का खतरा लगभग 30% कम हो सकता है।

**ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है:** नाश्ता करने से शरीर में स्फूर्ति आती है। सुबह पौष्टिक आहार करके घर से निकलने पर शारीरिक गतिविधि में वृद्धि देखने को मिलती है। जल्दी भूख नहीं लगती और ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही गतिशील रहने से वजन नियंत्रित रहता है और थकान नहीं आती।

**याददाश्त में सुधार:** दिन की शुरुआत पौष्टिक नाश्ते से करने से एकाग्रता के स्तर में सुधार हो सकता है और याददाश्त तेज हो सकती है। कार्बोहाइड्रेट स्वस्थ मस्तिष्क के कामकाज के लिए जरूरी है। ऐसे में उच्च गुणवत्ता का नाश्ता तनाव कम कर सकता है और दिमाग को शांत बनाए रख सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मोआना' की वायरल तस्वीर पर द रॉक ने आखिर तोड़ी चुप्पी

ड्वेन जॉनसन या द रॉक एक ऐसा नाम है जिसे सबने सुना है। छोटे पर्दे से लेकर बड़े स्क्रीन तक जॉनसन ने हर जगह अपनी काबिलियत साबित की है।




उन्होंने डिज्नी की प्रिय फिल्म 'मोआना' के अपकमिंग लाइव-एक्शन एडॉप्सन में देवता माउई के रूप में एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। जॉनसन, जिन्होंने मूल रूप से एनिमेटेड संस्करण में माउई को आवाज दी थी, इस प्रतिष्ठित किरदार को एक नए प्रारूप में दोहराने के लिए तैयार हैं। इसी बीच सेट से जॉनसन की हालिया वायरल तस्वीर ने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, कई प्रशंसकों को आश्चर्य हुआ कि क्या 'मोआना' में उनका शरीर असली है। इन अटकलों पर अब खुद अभिनेता ने चुप्पी तोड़ी है और इसका सच बयां करते नजर आए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में ड्वेन जॉनसन ने खुलासा किया कि 'मोआना' में उनकी माउ उपस्थिति सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए बॉडीसूट का उपयोग करके तैयार की गई है। हालांकि, वह शारीरिक रूप से पहले से ही काफी फिट हैं, लेकिन वास्तविकता में किसी के लिए भी माउ के आकार में आना लगभग असंभव कार्य है। जॉनसन ने कहा, 'यह एक ऐसा सूट है जिसे पहनने में काफी समय लगा। मुझे बहुत खुशी है कि आपने कहा कि मैंने कड़ी मेहनत की। इससे साफ होता है कि आप इसे पकड़ नहीं पाए।'

उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि निर्माता फिल्मांकन के दौरान किस तरह गोपनीयता बनाए रखना चाहते हैं।

### टॉलीवुड

## रश्मिका बनीं भारत की सबसे ज्यादा फीस लेने वालीं अभिनेत्री, मिले जवाब

सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मीडिया ने अभिनेत्री से 'पुष्पा 2' के बाद सबसे महंगी अभिनेत्री होने की रिपोर्ट के बारे में सवाल किया।



रश्मिका ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, 'मैं इससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं, क्योंकि यह सच नहीं है।' रश्मिका मंदाना ने यह बात 'इफ्फी 2024' के समापन समारोह में कही थी। 'पुष्पा 2: द रूल' को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया पर कई खबरें वायरल हो रही हैं। कुछ में दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म के लिए 300 करोड़ रुपये की मोटी रकम चार्ज की है। साथ ही जानकारी है कि इसके थिएट्रिकल राइट्स 1000 हजार करोड़ रुपये में बिके हैं। वहीं, रश्मिका मंदाना की फीस को लेकर भी कयासों का बाजार गर्म है। जानकारी मिली है कि उन्होंने 'पुष्पा 2: द रूल' के लिए 10 करोड़ रुपये फीस ली है। यह उनके फिल्म के पहले पार्ट 'पुष्पाः द राइज' की फीस से पांच गुना ज्यादा है। अभिनेत्री ने 2021 में रिलीज हुई फिल्म के पहले पार्ट के लिए 2 करोड़ रुपये फीस ली थी। वहीं, 'पुष्पा 2' की रिलीज की बात करें तो सुकुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मूवी में फहद फासिल भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका मंदाना अभिनय के साथ-साथ विज्ञापन से भी तगड़ी कमाई करती हैं। इसके अलावा उन्होंने बेंगलुरु, मुंबई, गोवा, कूर्ग और हैदराबाद की संपत्तियों सहित पूरे भारत में रियल स्टेट में भी निवेश किया है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उनके बेंगलुरु स्थित घर की कीमत लगभग 8 करोड़ रुपये है। उनका कार कलेक्शन भी शानदार है, जिसमें ऑडी क्यू 3, रेंज रोवर स्पोर्ट, मर्सिडीज-बेंज सी-क्लास, टोयोटा इनोवा और हुंडई क्रेटा शामिल हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति लगभग तकरीबन 45 करोड़ रुपये है।

### भोजपुरी

## निरहुआ ने लगाया भोजपुरी इंडस्ट्री को बदनाम करने का आरोप

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने हाल में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड बनाम भोजपुरी फिल्मों पर बात की।



उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में अश्लीलता वाले मुद्दे को लेकर बॉलीवुड पर भी निशाना साधा। निरहुआ ने बॉलीवुड पर भोजपुरी फिल्मों को 'अश्लील' बताकर उनका अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड के लोगों ने भोजपुरी इंडस्ट्री को बदनाम किया है, जबकि उनकी फिल्मों और गानों में कूट-कूट कर अश्लीलता भरी हुई है। दिनेश लाल यादव ने इंडिया टीवी को दिए बयान में कहा, "भोजपुरी फिल्मों को बदनाम करने की यह एक बड़ी साजिश है। हम अपनी फिल्में लगभग 1 करोड़ रुपये में बनाते हैं, जबकि उनकी फिल्में 10 करोड़, 20 करोड़, 50 करोड़ से लेकर 100 करोड़ रुपये तक के बजट में बनती हैं।जब वे हमारे सिनेमा हॉल में अपनी फिल्में दिखाने की कोशिश करते हैं, तो मालिक कहते हैं, निरहुआ की फिल्म दिखाई जा रही है, हम आपकी नहीं दिखाएंगे।" दिनेश लाल यादव ने आगे कहा, "इंडस्ट्री के लोग सोचने लगते हैं कि इन मालिकों की हिम्मत कैसे हुई कि वे बड़े बॉलीवुड सुपरस्टार की फिल्में नहीं दिखाते. फिर वे भोजपुरी फिल्मों को 'नीचा' दिखाने के तरीके खोजते हैं।

### 'अमीरी' का जादू

पेरिस फैशन वीक मेन्स ए/डब्लू 2024 ने हाल ही में खूब रंग जमाया। जोनाथन एंडरसन से लेकर वेरोनिक निचानियन जैसे तमाम मॉडल ने पेशेवर डिजाइनरों के साथ खुद के पेश किया। यहां एक नाटकीय सेट - विशाल मखमली पर्दे, मोनोग्राम वाले कालीन का विस्तार एक अलग छटा बिखेर रहे थे। मॉडल और डिजाइनर माइक अमीरी के नवीनतम संग्रह का जादू भी दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला।




### लाइफ स्टाइल

## घर पर बनाएं आंवला हेयर ऑयल कमर तक लंबे हो जाएंगे आपके बाल

लंबे बाल भला किसी नहीं पसंद, लेकिन आजकल के खराब लाइफस्टाइल और बालों की सही तरीके से देखभाल न करने के कारण बालों के ग्रोथ रुक जाती है। अगर आप चाहती हैं कि आपके बाल कमर जितने लंबे हो जाए, तो इसके लिए आप आंवला का इस्तेमाल कर सकती हैं।

हमारी दादी-नानी हमेशा से बालों में तेल लगाने के लिए कहती हैं। तेल लगाने से बाल मजबूत के साथ-साथ लंबे भी हो जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए आंवला के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। अब आपको लग रहा होगा कि बाजार से तेल खरीदने की जरूरत पड़ेगी। नहीं, आप घर पर ही आसानी से आंवला का तेल को बना सकती हैं। तेल बनाने के लिए आपको आधा किलो आंवला चाहिए होगा। आंवला को अच्छे से धो लें। अब आंवला को कद्दूकस करके इसका जूस निकाल लें। आंवला के जूस में नारियल तेल मिक्स करें। लीजिए बन गया आपका लंबे बालों के लिए आंवला का तेल।

सर्दियों के मौसम में रूसी की समस्या बेहद आम है। कुछ लोगों के बाल में हमेशा रूसी रहती है। अगर आप डैंड्रफ की समस्या से निजात पाना चाहती हैं, तो आपको बालों में आंवला के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। आंवला में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को साफ करने में मदद करता है, जिससे डैंड्रफ और खुजली की समस्या नहीं होती है।



## ट्रेंड की साड़ियां बनाती है माहौल, मिलेगी तारीफ भी

### फैशन



साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला हर कार्यक्रम में आसानी से कैरी कर सकती है। चाहे दफ्तर में पार्टी हो, या हो घर पर कोई पूजा, या फिर अगर कहीं शादी में जाना हो, हर जगह के लिए साड़ी एक बेहतर विकल्प मानी जाती है। महिलाएं साड़ी मे काफी सहज भी महसूस करती हैं। यह समय त्योहारों के साथ-साथ शादियों का भी है। ऐसे में हर महिला के लिए जानना बहुत जरूरी है कि किस तरह की साड़ियां वो अपने लिए चुन सकती हैं।

दरअसल, आज के समय में कई तरह की साड़ियां चलन में हैं। ट्रेंड में क्या चल रहा है, इसके लिए ज्यादातर महिलाएं बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लुक्स देखती हैं। ज्यादा लुक्स देखने के बाद भी उन्हें



समझ नहीं आता कि वो कैसी साड़ी का चयन करें।

**सिल्क साड़ीः** अगर आप ऐसी साड़ी की तलाश में है जो शादी से लेकर त्योहारों तक में आपके काम आ सके तो सिल्क की साड़ी एक बेहतर ऑप्शन है। ये किसी भी कार्यक्रम के लिए काफी सही विकल्प है, ऐसे में आप इसे खरीद कर रख सकती हैं।

**नेट साड़ीः** अगर साड़ी में ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी आजकल चलन में है। इस तरह की साड़ियां युवतियों को ज्यादा पसंद आती है। ऐसे में अगर आप साड़ी पहनकर अपना ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो नेट की साड़ी एक बेहतर विकल्प है।

**शिफॉन साड़ीः** शिफॉन की सिंपल साड़ी को हैवी वर्क वाले ब्लाउज के साथ पहनने पर इसका लुक और ज्यादा खिल कर सामने आता है। इस तरह की साड़ी भी आजकल काफी ट्रेंड में है।

**आर्गेन्जा साड़ीः** ये उन महिलाओं के लिए काफी परफेक्ट है, जिन्हें हैवी साड़ी पहनने में परेशानी होती है। अगर आपके साथ भी ये दिक्कत है तो आप आर्गेन्जा साड़ी खरीद सकती हैं। इसे पहनकर काफी रॉयल लुक सामने आता है।

**सूती साड़ीः** अभी उमस वाला मौसम चल रहा है, ऐसे में आप अपने लिए सूती साड़ी खरीद सकती हैं। हैवी बॉर्डर वाली सूती साड़ी देखने में काफी खूबसूरत लगती है।

**बांधानी साड़ीः** पूजा-पाठ के समय के लिए बांधानी साड़ी काफी बेहतर विकल्प है। इसे हर उम्र की महिला पहन सकती है। ऐसी साड़ी महिलाओं को ज्यादातर पसंद आती है।

## गोल चेहरे के लिए बिल्कुल भी न चुनें ऐसी हेयर स्टाइल्स, लुक हो जाएगा खराब

वैसे तो हर चेहरा बेहद खूबसूरत होता है और इसकी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हम कई तरह की चीजें करना पसंद करते हैं। वहीं गोल चेहरे की बात करें तो इस पर लगभग हर तरह का हेयर स्टाइल बेहद खूबसूरत नजर आता है, लेकिन कई हेयर स्टाइल मिस्टेक्स ऐसी भी होती हैं जो आपके लुक को बिगाड़ भी सकती हैं। कई बार हम दूसरे का हेयर स्टाइल देखकर अपने लिए भी वैसा ही हेयर स्टाइल चुन लेते हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि वो हेयर स्टाइल आपके चेहरे पर भी उतना ही खूबसूरत नजर आए। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कि गोल चेहरे पर आपको किस तरह के हेयर स्टाइल को अवॉयड ही करना चाहिए ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए और आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने में मदद करें।

गोल चेहरा ज्यादातर बेहद चबी होता है और इस तरह के आकर के चेहरे पर स्लीक बैक हेयर स्टाइल बहुत कम ही खूबसूरत नजर आते हैं। इस तरह के चेहरे पर पोनी टेल बनाते समय आप बालों को ज्यादा टाइट न खींचे अन्यथा आपका माथा बेहद चौड़ा नजर आने लगेगा। ठीक उसी तरीके से टाइट पोनी टेल बनाने से




आपका चेहरा काफी बड़ा भी दिखाई देगा। इसके अलावा बालों को तेज खींचने के कारण बाल टूट भी सकते हैं।

गोल चेहरे पर हेयर स्टाइल बनाते समय आपको बालों को टाइट नहीं खींचना चाहिए ताकि आपका चेहरा बड़ा और अजीब न नजर आए। इसके अलावा आप हेयर स्टाइल को चुनते समय बालों में बाउंस जरूर दें ताकि आपके बालों पर बना कोई भी हेयर स्टाइल आपके चेहरे के आकार को मैच करें। चेहरे के आकार को आकर्षक बनाने के लिए आगे की ओर फ्लिक्स जरूर छोड़ें।

## ब्राइडल लुक को खास बनाएंगे नेल आर्ट के ये चुनिंदा डिजाइंस

शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना बेहद पसंद करते हैं। वहीं हाथों की बात करें तो आजकल नकली नाखूनों का चलन काफी बढ़ गया है।

आजकल आपको नेल आर्ट के कई डिजाइंस ऑनलाइन भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन जब बात ब्राइडल लुक की आती है तो डिजाइन को चुनने के लिए हम कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नेल आर्ट के कुछ आकर्षक डिजाइंस जो खासकर होने वाली दुल्हन के हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेगा।



### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन डिजाइन के नेल आर्ट देखने में काफी प्रीमियम लुक देने में मदद करते हैं। वहीं आप हर उंगली पर स्टोन को न लगाए और केवल १ या ज्यादा से ज्यादा 2 नाखूनों पर ही स्टोन के जरिये डिजाइन बनाये। इस तरह के हैवी नेल आर्ट डिजाइन को आप शादी के हर फंक्शन के लिए आसानी से कैरी कर सकती हैं।

### ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन

थोड़ा अलग लुक पाना चाहती हैं इस तरह का डूअल कलर ऑम्ब्रे नेल आर्ट डिजाइन को अपने ब्राइडल लुक के लिए चुन सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट के साथ आप ग्लिटर, शिमर, ग्लॉस, स्टोन या नेल स्टीकर तक का इस्तेमाल आसानी से कर सकती हैं।


चमकने वाले नेल आर्ट डिजाइन को पसंद करती हैं तो इस तरह से एक या दो उंगलियों को छोड़कर आप बाकी के नाखूनों पर बारीक पार्टिकल वाले शिमर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल बिगाड़ सकती हैं खूबसूरती

# हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश, जानें इन्हें इस्तेमाल करने का तरीका

*आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं। दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है। बहुत सी महिलाओं और युवतियों को ये पता ही नहीं है कि किस तरह के ब्रश का इस्तेमाल किस मेकअप प्रोडक्ट को लगाने में किया जाता है। ऐसे में आज के लेख में हम आपको अलग-अलग प्रोडक्ट के लिए अलग ब्रशों का इस्तेमाल करना बताएंगे।*



**फाउंडेशन ब्रशः** लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।

**फैन ब्रश :** जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

**आईशैडो ब्रशः** अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

**लिप ब्रशः** सही से लिपस्टिक लगाने के लिए लिप ब्रश काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप इसे जरूर अपने बैग में रखें। ये ज्यादा मोटा नहीं होता है। इससे लिपस्टिक लगाने में आसानी होती है।

**आईलाइनर ब्रशः** सही से आईलाइनर लगाने के लिए आपको इस ब्रश की काफी जरूरत पड़ने वाली है। इस ब्रश में सिलिकॉन के काफी महीन ब्रिसेल्स होते हैं, ताकि लाईनर को सही तरीके से लगाया जा सके।

**हाईलाइटर ब्रशः** चेहरे पर चमक लाने के लिए हाईलाइटर ब्रश का सही होना बेहद जरूरी है। इसकी मदद से ही चेहरे के हाई पॉइंट्स हाईलाइट कराया जाता है। ये ब्रश काफी पतला होता है।

